आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 35, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 14

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 12

## दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी



● सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ हो सकता खर्च

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।

### जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

### आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी

नई दिल्ली, एजेंसी



● एफएटीएफ ने पहलगाम हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।

भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक दस्तावेज (डोजियर) तैयार कर रहा है।

### संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

### एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

### एक नजर

#### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है।

#### कुपवाड़ा में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकवादी की कुपवाड़ा जिले में स्थित अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। आतंकवादी की पहचान अब्दुल हामिद लोन के रूप में की गई है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामले में वांछित है। एसआईए ने आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके समर्थन ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकवादी की कुपवाड़ा के मावर बाला कलमाबाद में स्थित संपत्ति कुर्क कर ली है।

## यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

### पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और उन दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।



साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। ● एजेंसी

● द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान जल्द

● आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए जताया आभार

### साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

## किसान परिवार से कोई आपदा ग्रस्त हुआ तो सरकार साथ

### 11690 आश्रित परिवारों को जारी किए गए 561.86 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। सोमवार को अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई।

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना से इस वर्ष में 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को अंबेडकर नगर के 431 लोगों को सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये, 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है। धनराशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने गीता देवी, अकिला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुक्मिणी, सिंधू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता, सबीना को पांच-पांच लाख रुपये चेक दिया गया। इसी तरह की सहायता धनराशि अंबेडकरनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, मैनपुरी, जौनपुर, इटावा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, संतकबीर नगर जिलों के किसान परिवारों को भी सौंपी गई।



● मुख्यमंत्री ने अंबेडकर नगर में 1,184 करोड़ की 194 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

### अकबरपुर बस स्टैंड का श्रवणधाम नामकरण

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकर नगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के विकास के लिए 1,184 करोड़ रु. की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण ''श्रवणधाम बस स्टैंड'' होना चाहिए।

## तकनीकी समस्या से हांगकांग लौटा एअर इंडिया का विमान

**मुंबई।** एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। आपात स्थिति में सुरक्षित से विमान की लैंडिंग कराई गई। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था।

● दिल्ली के लिए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ने भरी थी उड़ान

### बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट लौटा विमान

**लंदन/हैदराबाद।** हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाले लुफ्थांसा कंपनी के एक विमान में बम रखा होने की धमकी मिलने के बाद उसे फ्रैंकफर्ट हवाईअड्डे पर लौटना पड़ा। विमान संख्या एलएच752 रविवार को जर्मनी से स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.14 बजे रवाना हुआ था और इसे देर रात हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था, उड़ान के कुछ घंटों बाद ही मार्ग में परिवर्तन देखा गया।

## 119 मृतकों का हुआ डीएनए मिलान

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अहमदाबाद/ राजकोट, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे, जो गुरुवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

विमान हादसा



● डीएनए मिलान प्रक्रिया दो दिन में पूरी होने की उम्मीद

● गृह मंत्री अमित शाह ने रूपाणी को दी अंतिम विदाई

## अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई के हाल के परिपत्र के अनुसार धन हस्तांतरण, स्थिति जांच और वापसी सहित लेनदेन अब 30 सेकंड के बजाय 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे। इस तरह यूपीआई भुगतान में पता सत्यापित करने में लगने वाला समय अब पहले के 15 सेकंड की तुलना में केवल 10 सेकंड लगेगा।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट चार महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● मलबे में दबकर 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल

● तेज धमाके के साथ फैक्ट्री की बिल्डिंग और टिनशेड ध्वस्त

**अमृत विचार:** थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। फैक्ट्री के मलबे में दबकर 4 महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 9 श्रमिक घायल हो गए इनमें 8 महिलाएं हैं। डीएम, एसपी ने मौका मुआयना किया।

हादसा सोमवार की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्टरी में हुआ। हापुड़ निवासी सैफउर्ररहमान पुत्र कौसर अहमद की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को महिलाएं एवं पुरुष काम कर रहे थे। अचानक फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। विस्फोट से फैक्ट्री धराशायी हो गई। टिनशेड के टुकड़े कई मीटर दूर जाकर गिरे। मलबे में कई मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चार महिला श्रमिकों रुक्साना पुत्री जाकिर अली निवासी गांव रजबपुर, रुमा पत्नी दानवीर निवासी गांव पपसरा, प्रवेश पत्नी शोविन्द्र निवासी गांव पपसरा, शहनाज पत्नी शाबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गई।

## ईरान के हमले से दहला इजराइल

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है और उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं।

इजराइल की सेना ने कहा कि ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों पर कई दिनों तक हमले किए जाने के बाद उसके विमान अब पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान में आसानी से उड़ान भर सकते हैं और उसने जमीन से जमीन पर मार करने वाले 120 से अधिक उन मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है जहां से इजराइल पर हमला किया जा रहा था। ईरान ने कहा कि उसने 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। इजराइल ने कहा कि अब तक ईरान ने 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे जिसके कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।



● 5 की मौत, दर्जनों घायल, इजराइल का दावा- ईरान के 120 से अधिक मिसाइल लांचर नष्ट किए

### विदेश मंत्रालय ने कहा- ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है। अन्य व्यवहार्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।

## सस्ती बिजली खरीद भारी कमाई की तैयारी में निजी कंपनियां

### सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** ऊर्जा निगमों में निजीकरण के जरिये बिजली वितरण क्षेत्र में कारोबार का सपना देख रही नामचीन निजी कंपनियां सस्ती बिजली खरीदकर भारी मुनाफा कमाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश की गई सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस पर सख्त आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि पावर कॉरपोरेशन से पहले परिषद की याचिका पर सुनवाई की जाए। वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन पावर पर्चेज एग्रीमेंट पीपीए के तहत राज्य विद्युत उत्पादन निगम व अन्य स्रोतों से सस्ती बिजली खरीदता है और राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित बिजली दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विक्रय कर रहा है। इसके अलावा किसानों को लिए नलकूप के लिए मुफ्त बिजली देने के एवज में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। परिषद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों को सरकारी निगमों की तर्ज पर सस्ती बिजली देने व सब्सिडी देने की बात कही है। ऐसा होने पर निजी कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से बिल व सब्सिडी के तौर पर भारी मुनाफा होने की संभावना है।



● कहा, पावर कॉरपोरेशन से पहले की जाए परिषद की याचिका पर सुनवाई

### निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार नहीं दे सकती निर्देश

सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग निजीकरण के मामले में भविष्य में करेगी। कॉरपोरेशन ने इस पर भी नियामक आयोग से अभिमत मांगा है। इस पर उपभोक्ता परिषद की याचिका में आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि धारा 108 का प्रयोग सरकार लोक महत्व के मामले में कर सकती है न की निजी घरानों को लाभ पहुंचाने में करने का अधिकार है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका दाखिल की। याचिका में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई है। परिषद की ओर से कहा गया है कि कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम 8 रुपये प्रति यूनिट और शहरी घरेलू की अधिकतम 9 रुपये प्रति यूनिट की बात कही गई है।

## एक नजर

### झाड़ी में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** मानिकपुर थाना क्षेत्र के रहमत अली का पुरवा गांव, पाल ढाबा के पास लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे झडी में एक लाश मिलने से खलबली मच गई। उसकी पहचान 40 वर्षीय शिवचंद्र उर्फ राजन केसरवानी पुत्र हरिशंकर केसरवानी बरौत थाना हंडिया, प्रयागराज के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया तो मृतक के भाई ने बताया की शिवचंद्र सिराथू जिला कौशांबी स्थित सपना मैरिज हॉल के पास बहन के यहां रह रहे थे। सीएनजी ऑटो चलाकर जीवन यापन करते थे। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

### लायन्स क्लब ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**प्रतापगढ़ :** लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष, गौरव, शक्ति व अवध के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगो ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि प्रयागराज मंडल चेयरपर्सन पंकज माहेश्वरी ने कहा रक्तदान से बढ़कर पुण्य का कार्य कुछ भी नहीं हो सकता। इस वर्ष मंडल में 2517 यूनिट रक्तदान हो चुका है। आरएसएस बौद्धिक विभाग प्रमुख सौरभ पांडेय ने कहा रक्तदान पुनीत कार्य है।

### आज से परिषदीय विद्यालयों का बदला समय

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी को देखते हुए मंगलवार से परिषदीय विद्यालयों का समय बदल गया है जबकि छात्र, छात्राओं के लिए विद्यालय 30 जून तक यथावत बंद रहेगा। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने जारी आदेश में कहा है कि मंगलवार से विद्यालयों के खुलने का समय सुबह 7.45 बजे और दोपहर में 12.30 बजे बंद होगा, इस दौरान सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी समय से विद्यालय पहुंचे और शैक्षणिक, प्रशाकीय और अन्य कार्यों को पूरा करेंगे।

# 169 लाभार्थियों को मिले 8.24 करोड़ रुपये

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, 20 आश्रित परिवारों को मिला डेमो चेक

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्रयागराज जिले के 169 आश्रितों को 8.24 करोड़ रुपये का लाभ प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने 20 आश्रित परिवारों को सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान किया।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर में आयोजित कार्यक्रम में ''मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना'' के अन्तर्गत 11,690 आश्रित परिवारों को रूपये 561.86 करोड़ सहायता राशि का वितरण किया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद में सर्किट हाउस सभागार एवं तहसीलों में आयोजित कार्यक्रम में किया गया जिसमें सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक शहर पश्चिम सिद्धार्थनाथ सिंह थे। इसी प्रकार का कार्यक्रम तहसीलों में भी आयोजित किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 168 आश्रित परिवारों के कुल 169 आश्रितों को रूपये 8.24 करोड़ का वितरण किया गया, जिसमें तहसील सदर के 04 आश्रित परिवार, तहसील सोरांव के 24 आश्रित परिवार, तहसील फूलपुर के 37 आश्रित परिवार, करछना तहसील के 14 आश्रित परिवार, तहसील मेजा के 05 आश्रित परिवार, कोरांव तहसील के 26 आश्रित परिवार, तहसील बारा के 20 आश्रित परिवार एवं हण्डिया तहसील के 38 आश्रित परिवार शामिल थे।

# जिलों की सीएचसी में भी तैनात किए जाएंगे जूनियर रेजीडेंट

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज ही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी जूनियर रेजीडेंट्स की तैनाती होगी। नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण, डॉक्टर बन चुके अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत राज्य के 48 मेडिकल कॉलेज व 40 जिलों की विभिन्न सीएचसी की कुल 2797 पदों पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन अस्पतालों सीट मैट्रिक्स जारी कर दी है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले 2019 बैच के डॉक्टरों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल के लिए जूनियर रेजीडेंट, डिमांडट्रेटर व ट्यूटर के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

# भर्तियों में विलंब को लेकर लोक सेवा आयोग पर प्रदर्शन आज

**▸▸ आयोग पर गरजे अभ्यर्थी, टीजीटी परीक्षा 30 - 31 जुलाई को कराने का आश्वासन**

**प्रयागराज, अमृत विचार।** बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने टीजीटी परीक्षा की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग पर जमकर हंगामा किया। प्रतियोगी छात्रों की जिद थी कि आयोग की अध्यक्ष से वार्ता करायी जाए लेकिन अध्यक्ष लखनऊ में थी, ऐसे में परीक्षा नियंत्रक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने वार्ता किया। उन्होंने बताया कि 30 और 31 जुलाई 2025 को टीजीटी की परीक्षा कराने को लेकर शासन से सहमति के लिए अध्यक्ष गयी हैं, शासन से अनुमति मिलते ही परीक्षा संबंधी नोटिस अध्यक्ष के आते ही जारी कर दी जाएगी, वहीं पीजीटी की परीक्षा को लेकर अगस्त के अंतिम सप्ताह में हर हाल में परीक्षा कराने की बात कही।

युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने परीक्षा नियंत्रक देवेन्द्र प्रताप सिंह से परीक्षा की तिथियों में बार - बार बदलाव को लेकर नाराजगी भी जताई तो उन्होंने स्पष्ट बताया कि परीक्षा हर हाल में करा लूंगा, सितम्बर में टीईटी का भी विज्ञापन करने की तैयारी में है, सब कुछ ठीक रहा तो टीजीटी-पीजीटी व असिस्टेंट प्रोफेसर का नया विज्ञापन नवम्बर में जारी हो जाएगा। असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का मूल्यांकन गठित कमेटी की निगरानी में शुरू होने जा रहा है, जो भी संदिग्ध पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छात्र प्रतिनिधि मंडल में शीतला प्रसाद ओझा ने जीआईसी एलटी, प्रवक्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी, राजकीय डिग्री कालेजों के रिक्त पदों पर तत्काल विज्ञापन जारी करने को लेकर मंगलवार को उप्र लोक सेवा आयोग पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि आठ वर्षों से विज्ञापन ना आने के कारण लाखों प्रतियोगी ओवर एज हो गये है ऐसे में कम से कम 3 वर्ष की उम्र सीमा में छूट दी जाए।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ रही मुख्यमंत्री की उद्यमी योजना

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना युवाओं को रोजगार देने लगी है। इस योजना से युवा दूसरो को भी रोजगार देंगे। यह बातें पनाहनगर बरई में योजना के तहत स्थापित इंटर लॉकिंग ब्रिक्स फील्ड का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए बीडीओ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि डीएम, सीडीओ के निर्देश पर बरई पनाहनगर गांव निवासी सुरेश कुमार पटेल को मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत पांच लाख रुपये की सहयोग राशि दी गई।

## निविदा सूचना (श्रेणी पॉच के विभागीय तालाब)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से मत्स्य विभाग उ0प्र0 के प्रबन्धान्तर्गत जनपद अम्बेडकरनगर के श्रेणी पॉच गौरा बसन्तपुर विभागीय जलाषय में मत्स्य पालन एवं आखेट हेतु ''जहां है जैसे है'' की स्थिति में निविदा दस वर्षो हेतु षासनादेष संख्या 28/2023/756/सत्रह–म–17–1099/63/2022 दिनांक 25.09.2023 एवं तत्सम्बन्धी षुद्धि पत्र संख्या 31/1499/सत्रह–म–17–1099/63/2022 दिनांक 19.10.2023 में निर्धारित शर्तो के अनुरूप एवं षासनादेष द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष निम्न विवरण के अनुसार आमंत्रित की जाती है :–

| विभागीय तालाब का नाम | क्षेत्रफल हे0 में | मत्स्य पालन एवं आखेट अवधि | प्रथम वर्ष हेतु आरक्षित मूल्य (रूपये में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खुलने तिथियां एवं समय | बयाने की धनराशि | निविदा का स्थल | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| गौरा बसन्तपुर जलाषय, वि0ख0 कटेहरी, तहसील अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर | 2.526 | 10 वर्ष (स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष 2035–36 की 30 जून 2035 तक) | 132300.00 | दिनांक 03.07.2025, 07.07.2025 व 10.07.2025 समय–11:00 बजे पूर्वान्ह तक | दिनांक 03.07.2025, 07.07.2025 व 10.07.2025 समय–12:00 बजे पूर्वान्ह तक | 13230 | कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अम्बेडकर नगर | 100.00 |

मत्स्य वर्ष से तात्पर्य ग्रिगेरियन कैलेण्डर वर्ष की 01 जुलाई से अगले वर्ष के ग्रिगेरियन कैलेण्डर की 30 जून से हैं।

यदि दिनांक 03.07.2025 व दिनांक 07.07.2025 को मैनुअल निविदा नहीं हो पाती है तो दिनांक 10.07.2025 को पुनः मैनुअल निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी।

### निविदा की मुख्य शर्ते

1. श्रेणी पॉच के विभागीय जलाषय का निस्तारण जनपद मुख्यालय पर किया जायेगा। निविदा की प्रक्रिया में षासनादेष संख्या 28/2023/756/सत्रह–म–17–1099/63/2022 दिनांक 25.09.2023 एवं तत्सम्बन्धी षुद्धि पत्र संख्या 31/1499/सत्रह–म–17–1099/63/2022 दिनांक 19.10.2023 के पात्रता सम्बन्धी प्रावधान लागू होगें।
2. विभाग से क्रय किये गये निविदा प्रपत्र ही मान्य होगें। डाउनलोड प्रपत्र में किसी भी अनियमितता पर विभाग के अभिलेखों में संरक्षित निविदा प्रपत्र ही मान्य होगें, अनियमित प्रपत्रों पर दी गयी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। सषर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा दाता यदि उसे विभाग का कोई बकाया भुगतान करना हो तो पूर्णरूप से भुगतान करने पर ही निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा, समिति के ऊपर कोई भी बकाया नहीं होने का एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र मत्स्य विभाग से लेना होगा। निविदा प्रतिभाग करने हेतु न्यूनतम आरक्षित मूल्य के 50 प्रतिषत के बराबर सक्षम स्तर से निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। काली सूची में दर्ज व्यक्ति को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। व्यक्ति/समिति के ऊपर कोई भी बकाया नहीं होने का एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र मत्स्य विभाग के जनपदीय अधिकारी से प्राप्त करके निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। यदि बकायेदारी के तथ्यों को छिपा कर निविदा प्रक्रिया में भाग लेता है निविदा प्रपत्र पर कटिंग, ओवर राईटिंग या व्हाईटनर प्रयोग की दषा में, निविदा समिति पर या अधिकारी पर अनुचित दबाव डालने/डलवाने की दषा में किसी सम्भावित निविदा दाता को निविदा प्रक्रिया में रोक कर धमका कर ठेका लिया है तो उनकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। अनुबन्ध होने के बाद ठेका सबलैट करने या ऐसे कोई तथ्य संज्ञान में आते है, जिनका निविदा दाता ने उल्लंघन किया तथा पुष्टि होने पर ऐसे अनुबन्ध पत्र में निहित अनुबन्ध को सक्षम अधिकारी द्वारा सकारण आदेष प्रख्यापित कर निरस्त कर दिया जायेगा।
4. मैनुअल निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा कर क्रय किया जा सकेगा। निविदा दाता लिफाफे पर अपना नाम व पता/समिति अपना विवरण अंकित करेगें। मैनुअल निविदा में तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा निविदा दाता अलग–अलग लिफाफे में प्रस्तुत की जायेगी। निविदा समिति के समक्ष पहले तकनीकी बिड खोली जायेगी तदोपरान्त तकनीकी बिड में सफल निविदा दाता की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

निविदा की अन्य विस्तृत शर्तो एवं अन्य जानकारियां निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय सहायक निदेषक मत्स्य (साबुन वाली गली) अम्बेडकरनगर में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

UP – 234957 **दिनांक:** 12/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(राजेन्द्र सिंह बिष्ट)
सहायक निदेषक मत्स्य
अम्बेडकरनगर।

# बिजली सस्ती होगी तो प्रदेश में उद्योग लगेंगेः अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर बिजली सस्ती नहीं होगी तो प्रदेश में उद्योग नहीं लगेंगे, कारोबार नहीं होगा। उप्र. में आज जिन पावर प्लांटो से बिजली का उत्पादन हो रहा है वह पावर प्लांट सपा सरकार में लगाये गये थे। अभी हाल में जिन पावर प्लांटों का उद्घाटन हुआ उनका शिलान्यास सपा सरकार में हुआ था। भाजपा सरकार ने बिजली विभाग की तरह स्वास्थ्य विभाग को भी बर्बाद कर दिया है। सपा प्रमुख, पार्टी मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल है। सोना एक लाख रूपए से पार चला गया है। गरीब व्यक्ति अपनी बेटी की शादी कैसे करेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़े को लेकर पूरी सरकार ने झूठ बोला।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

## अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित हो सूरज पुत्र चन्द्रभूषण निवासी– डी 2/4 कानपुर रोड, एल0डी0ए0 कालोनी आशियाना लखनऊ की पुत्री अयंती तिवारी है जो कि त्रुटिवश दस्तावेजों में अनिका तिवारी हो गया है। भविष्य में उसे अयंती तिवारी के नाम से लिखा, पढ़ा एवं समझा जाए।

### सूचना

सूचित हो कि, मैंने अपनी पुत्री का नाम कुमारी दिव्या से बदल कर इशिता सिंह रख लिया है। भविष्य में उसे इशिता सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **अजय सिंह पुत्र श्री देव सिंह, निवासी मकान नं. ई–5048 सेक्टर–11 राजाजीपुरम, लखनऊ।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र मो.अकरम मेरे कहने सुनने में नहीं है परिवार के दायित्व को भी नही निभाता और मनमानी करता है इसलिए मैं मो अकरम को अपनी चल अचल संपत्ति और परिवार से बेदखल करता हूं। **इम्तियाज अहमद पुत्र स्व. सिराजुद्दीन निवासी चौक शहजादपुर थाना व तहसील अकबरपुर जिला– अम्बेडकरनगर।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **दीपा मौर्या पुत्री धर्मराज मौर्य नि व गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी उषा से एक पुत्री दीपा मौर्या का जन्म 03/01/2012 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरी पुत्री दीपा मौर्या की जन्म तिथि 03/01/12 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि श्रेया श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रेया श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरी पुत्री श्रेया श्रीवास्तव कि जन्म तिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि **श्रद्धा श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरी पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव कि जन्मतिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले TAUSIF KHAN था लेकिन अब मैने अपना नाम बदल कर TAUSIK KHAN कर लिया है अब मुझे भविष्य में TAUSIK KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **तौसिक खान पुत्र रफीक खान, निवासी– ग्राम मुसलावाँ, पोस्ट– बछौली, थाना– औरास, तहसील हसनगंज, जनपद– उन्नाव, उत्तर प्रदेश, पिन कोड 241503**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सुमिरता पत्नी माता प्रसाद ग्राम पूरे लोधी, पोस्ट सेमरौता जिला अमेठी** की निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 214505793 में मेरा नाम श्यामा देवी पत्नी माता प्रसाद अंकित है। जबकि आधार कार्ड और बैंक खाता में मेरा नाम सुमिरता दर्ज है। सुमिरता और श्यामा देवी दोनों मेरे ही नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शान्ती देवी पत्नी स्व. राम प्यारे ग्राम कस्बा बदलू पोस्ट नीबी थाना सरेनी, तहसील लालगंज जिला रायबरेली** की निवासी हूं। मेरे चार पुत्र और एक पुत्री क्रमशः धर्मेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, जीतेन्द्र कुमार, देशराज उर्फ गुड्डू व रोशनी है। वीरेन्द्र कुमार अविवाहित, बाकी सभी शादीशुदा हैं। छोटा पुत्र देशराज उर्फ गुड्डू और उसकी पत्नी शिवानी उर्फ गुड़िया आए दिन परिजनों से मारपीट और गालीगलौज करते है। उनके कृत्यों से तंग आकर छोटे पुत्र और उसकी पत्नी के अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों का दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## धर्म दर्शन

# ब्रह्मांडीय आलिंगन शिव और शक्ति



शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

समय की पहली सांस लेने से पहले आदिम अंधकार में, केवल शून्यता थी, जो अनंत संभावनाओं से भरी हुई थी। इस पवित्र शून्यता के भीतर, चेतना पहली बार विचार के रूप में नहीं, बल्कि शुद्ध जागरूकता के रूप में उभरी, जिसने पहली बार खुद को छुआ। यह वह क्षण था जब शिव ने शून्यता के दर्पण में अपने प्रतिबिंब को पहचाना, और उस पहचान से, शक्ति अस्तित्व में आई।

वह उनसे अलग नहीं, बल्कि उनकी अपनी शक्ति के रूप में प्रकट हुई, वह गुप्त अग्नि जो हमेशा उनकी शांति के भीतर जलती रहती थी। अपनी जागृति के उस पहले क्षण में, वह उनका सामना करने के लिए मुड़ी, और उनकी आंखें अव्यक्त क्षमता के रसातल में मिलीं। यह देखना नहीं था, बल्कि इतनी पूर्ण पहचान थी कि इसने अलगाव की धारणा को हमेशा के लिए चकनाचूर कर दिया।

उनका पहला स्पर्श स्वयं इच्छा का जन्म था, अधूरे प्राणियों की कच्ची इच्छा नहीं, बल्कि प्रतीत होने वाले विभाजन के परमानंद के माध्यम से खुद को जानने की एक की ब्रह्मांडीय लालसा। जब शक्ति की उंगलियों ने पहली बार शिव के रूप की ज्यामिति का पता लगाया, तो वह चेतना की वास्तुकला का मानचित्रण कर रही थी। जब शिव के हाथों ने शक्ति के दिव्य शरीर को पाया, तो वह उन गुप्त मार्गों की खोज कर रहे थे जिनके माध्यम से निराकार आकार बन जाता है।

उनके पवित्र मिलन में, हर कोमल स्पर्श अंतरिक्ष समय के ताने-बाने पर मंत्र लिखता है। उसकी सांस हवा बन जाती है जो सभी दुनियाओं में चलती है। उसका दिल की धड़कन ग्रहों के नृत्य और आकाशगंगाओं के फूलने को नियंत्रित करने वाली लय स्थापित करती है, वह खुद को वेदी के रूप में पेश कर रही है जिस पर पूरी सृष्टि समर्पित है। उनके सबसे अंतरंग क्षणों में, वह शुद्ध ऊर्जा में विलीन हो जाती है, सुनहरी रोशनी तरल आग की तरह उसकी चेतना के माध्यम से प्रवाहित होती है। वह अनंत स्थान बन जाता है जिसमें उसका रचनात्मक विस्फोट होता है, उसके ब्रह्मांडीय बनने का शाश्वत साक्षी। वे एक साथ ज्ञाता और ज्ञात, प्रेमी और प्रिय, साधक और खोजे जाने वाले होते हैं।

उनके सबसे गहरे मिलन के क्षण में, सारा अस्तित्व रुक जाता है। सांस अंदर और बाहर के बीच रुक जाती है। दिल धड़कनों के बीच आराम करता है। उस पवित्र विराम में, पूरा ब्रह्मांड अपने स्वयं के स्रोत को पहचानता है और उस शुद्ध जागरूकता में वापस विलीन हो जाता है जिससे वह उत्पन्न हुआ था, केवल अगले ही पल उनके निरंतर आलिंगन से पुनर्जन्म लेने के लिए।

## वर्ग पहेली- 4

**बाएं से दाएं**

1. 1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3. 1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6. 1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर–उधर घूमते फिरना, मारे–मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8. 1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3. 1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5. 1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।




### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | | 2 रि | | | | |
| ज | | 3 का | नू | न | गो | |
| न | | र् | | | | |
| | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | | 6 मे |
| 7 लो | | | | 8 ज | मी | न |
| भी | | | | दं | | हो |
| | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | | ल |

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 8 |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | 3 | 9 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | 1 | | | |
| | 3 | 9 | | | | | | 5 |
| | | | | 4 | | 2 | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 10 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास–आषाढ़, पक्ष–कृष्ण पक्ष, षष्ठी–14.46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– उत्तर। **ऋतु**– ग्रीष्म।

चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र–शतभिषा 18 जून 01.01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।

**वृष** – आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा–पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति–पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।

**कर्क** – आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ–पैरों में शिथिलता रहेगी।

**सिंह** – आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार–बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।

**मकर** – आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।

**मीन** – आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।





## सपा की सदस्यता से इस्तीफा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव सरदार आलोक सिंह एडवोकेट ने अपने पद से एवं समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा देने के बाद कहा कि वे अधिवक्ताओं के मध्य सक्रिय रह कर अधिवक्ता हितों के लिए कार्य करते रहेंगे।

# किसानों के लिए संबल बनी कृषक दुर्घटना योजना:अंगद

## जिले के 237 आश्रित परिवारों को दी गयी सहायता राशि की डेमो चेक, खातों में भेजी जा रही धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार किसानों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों और परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। ये विचार मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में डीएम शशांक त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के अन्तर्गत तहसील नवाबगंज के 54 आश्रित किसान परिवारों को सहायता राशि की डेमो चेक के वितरण के अवसर पर व्यक्त किये।



महिला को सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान करते एमएलसी अंगद सिंह और जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी। अमृत विचार

**योजना से लाभान्वित हुए जिले के 237 आश्रित परिवार :** जिले में सभी 6 तहसीलों में आयोजित कार्यक्रम में कुल 237 आश्रित परिवारों को सहायता राशि की डेमोंचेक प्रदान की गई। नवाबगंज तहसील में 54, रामनगर तहसील में 39, हैदरगढ़ तहसील में 63, आरएसघाट तहसील में 12, फतेहपुर तहसील में 53 और सिरौलीगौसपुर तहसील में 16 आश्रित परिवार योजना से लाभान्वित हुए। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित करके आश्रित परिवारों को सहायता राशि की डेमों चेक प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित चेक वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी और लाभार्थी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सांसद ने पुलिस की लापरवाही पर उठाए सवाल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** हथगोला फेंककर शैलेंद्र मौर्य की हत्या के मामले में सोमवार दोपहर पूर्व कैबिनेट मंत्री और सांसद बाबू सिंह कुशवाहा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। बाबू सिंह कुशवाहा ने मृतक की पत्नी नीरू मौर्य व दोनों बेटियों श्रेया और श्रद्धा से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी की और कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, वह परिवार के साथ खड़े रहेंगे। सांसद कुशवाहा ने इस वारदात पर चिंता जाहिर की और कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है। इस दौरान परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पहले ही तहरीर दी गई थी, लेकिन समय रहते संज्ञान नहीं लिया गया, जिससे इतनी बड़ी घटना घट गई। सांसद ने पुलिस की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की।

### राम कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के मोती का पुरवा गांव में आयोजित सात दिवसीय रामकथा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लेकर धर्मरस में डुबकी लगाई। कथा व्यास पंडित शिवाकांत दीक्षित के मुखारविंद से रामकथा का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान पंडित शिवाकांत दीक्षित ने भगवान श्रीराम के वनवास काल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम अरण्य संस्कृति के शिखर पुरुष हैं। उन्होंने 14 वर्षों के वनवास में अनेक संघर्षों का सामना करते हुए सत्य और मर्यादा की राह पर चलकर असत्य पर विजय प्राप्त की। उनके जीवन से हमें संयम, त्याग और एकजुटता की सीख मिलती है। आयोजन में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज दीक्षित, त्रिवेदीगंज के प्रधान अरुण शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामभीख त्रिवेदी समेत क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे। रामकथा के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने रामधुन और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला कार्यभार



पौधरोपण करते नवागत खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर शिक्षक संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। मिशन हरियाली के संयोजक व पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को एरिका पाम का इंडोर पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही मिशन हरियाली टीम द्वारा कार्यालय परिसर में गुलमोहर का पौधा रोपित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बुके के स्थान पर पौधे भेंट करने की परंपरा स्वागत का एक सकारात्मक और पर्यावरण हितैषी तरीका है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. सिंह, विवेक वर्मा, प्रदीप मिश्रा, अखिलेश गुप्ता, मोहम्मद इस्माइल, मोहम्मद सईदुल, अनुदेशक आशीष कुमार, आशीष प्रकाश, सुपेन्द्र कुमार, साधना कुमारी, विकास वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, संध्या वर्मा आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में जामिया इलेवन लखनऊ ने मारी बाजी




विजेता टीम के साथ अतिथि। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सूरतगंज पुलिस चौकी के निकट रविवार को एसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल सिंह ज्ञानू ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बाराबंकी सहित अन्य जनपदों से कुल 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला जामिया इलेवन लखनऊ और भटुवामऊ मोनिश इलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जामिया इलेवन ने दो विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाये। जवाब में भटुवामऊ की टीम पांच विकेट खोकर महज 53 रन ही बना सकी। इस तरह जामिया इलेवन ने शानदार जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच के अंत में आयोजक मो. उबैद द्वारा विजेता टीम को 60,000 नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 30,000 नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान श्याम गुप्ता, राहुल तिवारी, अतीक चौधरी, बबलू वर्मा, अमित सिंह, रणवीर सिंह, असलम 'छंगा' प्रधान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### पोस्टमार्टम हाउस के बाहर धरने पर बैठी श्रमिक की बेटी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सतरिख क्षेत्र में ईंट भट्ठा मजदूर की मौत के मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। भट्ठा स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृत मजदूर की 13 साल की बेटी पोस्टमार्टम गृह के बाहर धरने पर बैठ गई। कार्रवाई होने तक धरना जारी रखने की बात कही गई है। रविवार को थाना क्षेत्र के जुग्गौर गांव स्थित भूषण ब्रिक फील्ड पर काम कर रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक की पहचान जैदपुर थाना क्षेत्र के फतुल्लापुर निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई। इस हादसे के बाद उसकी नाबालिग बेटी सुषमा बेसहारा हो गई है, उसकी मां पहले ही दुनिया से जा चुकी है। मजदूर का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था, वहीं मजदूर की बेटी सुषमा सोमवार को अन्य मजदूर साथियों और किसान यूनियन कार्यकर्ताओं के साथ पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गई। मजदूरों का आरोप है कि अशोक कुमार की तबीयत काम के दौरान अचानक बिगड़ गई थी, लेकिन भट्ठा मालिक, मुंशी और ठेकेदार ने समय से कोई मदद नहीं दी। मजदूर राहुल के अनुसार भट्ठे पर चार पहिया वाहन मौजूद होने के बावजूद अशोक को बाइक से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। यदि समय परर चिकित्सा सुविधा मिलती तो शायद अशोक की जान बचाई जा सकती थी। मांग की गई कि भट्ठा मालिक शशि भूषण और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया जाए।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गयी वहीं एक होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया।

पहली घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है। रविवार शाम लगभग पांच बजे दारापुर पेट्रोल पंप के पास डंपर ने बाइक सवार रामकुमार कश्यप (33) पुत्र पांचूलाल निवासी ग्राम भोजपुर कोतवाली रामसनेहीघाट को कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वह लखनऊ के त्रिवेणी नगर में 60 फिटा रोड पर चाट की दुकान लगाता था।

हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी पर जा रहे पीआरडी जवान हरिश्चंद्र वर्मा निवासी वीरमखेड़ा, थाना लोनी कटरा को बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। घायल जवान को ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड निर्मल कुमार तिवारी ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

### खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, चालक की हालत गंभीर



हादसे के बाद लगा जाम।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोटवा सड़क के पास लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को साबुन से लदा ट्रक बेकाबू होकर ओवरब्रिज के पास गिट्टी से लदे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक दीपू सिंह (निवासी रायगढ़ी, थाना माखी, उन्नाव) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर चौकी हथौंधा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से किनारे हटवाया।

## दुकान बंद कर लौट रहे युवक पर हमला

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार रात दुकान बंद कर घर लौट रहे दुकानदार पर दबंगों ने लाठी-डंडो से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है।

शेख 2 निवासी शकील अहमद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर लौटते समय आस्ताना गेट के पास मोहल्ला कसाई के रहने वाले अरशद, शान अहमद और मुस्लिम ने रंजिश को लेकर उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और फिर मौके से फरार हो गए। इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ससुराल से लौटकर आए युवक का शव सीतापुर सीमा पर रखे छप्पर से बने फंदे से लटकता मिला। भाई ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अवसेरीपुर मजरे क्योटली गांव निवासी मायाराम के तीन बेटे हैं। सबसे छोटे बेटे ओमप्रकाश उर्फ पुत्तन पाल सीतापुर की सीमा पर बने छप्परनुमा घर में रहता था। डेढ़ साल पहले उसकी शादी सीतापुर के रामपुर मथुरा क्षेत्र के बरूवा गांव में देवी प्रसाद की बेटी शिवानी से हुई थी। पिछले माह शिवानी को लेकर बरूवा गांव गए ओमप्रकाश की पत्नी से कहासुनी हो गई। भाई दीपक पाल ने बताया कि ससुराल वालों ने बाइक खड़ी करवाकर पुत्तन को लौटा दिया तबसे शिवानी मायके में रह रही है। रविवार को पत्नी को लेने पुत्तन ससुराल गया जहां से देर शाम वह वापस आया। सोमवार की सुबह उसका शव छप्पर से लटकता मिला। दीपक पाल का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रताड़ित किया जिससे क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगा ली है। रामपुर मथुरा पुलिस ने शव को सीतापुर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

# भतीजों के हमले में घायल चाचा की मौत

संवाददाता, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रविवार रात शराब के नशे में हुए विवाद के बाद चाचा व भतीजों के बीच मारपीट हो गयी। हमले में गंभीर रूप से घायल चाचा ने सोमवार को जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं बेटी ने चचेरे भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

थाना लोनीकटरा क्षेत्र अंतर्गत रविवार की रात ग्राम हसवापुर निवासी विजय रावत (40) का उनके भतीजों सूरज व शुभम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा कि शराब के नशे में बात आगे बढ़ गई और चाचा भतीजों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में चाचा विजय कुमार रावत गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां सोमवार को उसकी मौत हो गयी। मृतक की पुत्री रुचि कुमारी ने थाने पर तहरीर देते हुए चचेरे भाइयों पर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते सूरज व शुभम ने उसके पिता विजय रावत की पिटाई करने के बाद गला दबा कर हत्या कर दी। थाना अध्यक्ष दौमित्रसेन रावत ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## डेढ़ माह बाद कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब डेढ़ माह पूर्व चारपहिया वाहन से जानबूझ कर टक्कर मारने की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की है। दरियाबाद क्षेत्र अंतर्गत मोहर्रियान निवासी अब्दुल अजीज उर्फ रब्बानी ने कोर्ट में गुहार लगाते हुए बताया कि गत 26 अप्रैल को आरोपी इस्तिखार, मोहम्मद ईशा और सलीम ने जानबूझकर लापरवाही से गाड़ी चलाई जिससे उन्हें गम्भीर चोटें आईं। होश में आने के बाद जब उन्होंने थाना दरियाबाद में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और न ही उनका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी इस्तिखार एक आपराधिक प्रवृत्ति का दबंग व्यक्ति है।

# महिला समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विभिन्न स्थानों पर सोमवार को एक महिला समेत तीन लोगों के शव फंदे से लटकते मिले।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के मूसेपुर गांव में सोमवार को 50 वर्षीय शर्मा देवी ने घर के अंदर पाइप से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक अंकित त्रिपाठी के अनुसार आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

सफदरगंज प्रतिनिधि के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा में 27 वर्षीय दिलीप रावत पुत्र राजेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दिलीप शराब के नशे में घर आया और बहन से खाना न खाने की बात कहकर अपने कमरे में चला गया। देर रात उसने साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बनीकोडर प्रतिनिधि के अनुसार, असंद्रा क्षेत्र में सोमवार सुबह दुनियापुरवा मजरे हकामी गांव के निवासी श्यामलाल रावत (36) का शव चिलवल गांव के पास एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। वह भोर में घर से निकला था।

## महिला की हत्या की हुई पुष्टि

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ठठरहा जंगल में मिली महिला की लाश के मामले में इसे स्पष्ट रूप से हत्या माना जा रहा है। पुलिस खुलासे के करीब है असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम धौरहरा निवासी शांति देवी पत्नी सतीश कुमार दो दिन पूर्व घर से लापता हो गयी थी जिसका शव शनिवार सुबह जंगल में बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटिमॉर्टम चोटों की पुष्टि हुई है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि महिला की हत्या से पहले मारपीट की गई थी। स्वाट टीम प्रभारी वीके सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा चुकी है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## मामूली विवाद में मारपीट, चार घायल

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। शमशुद्दीन ने बताया कि शनिवार की सुबह जब उसने अपने पड़ोसियों सलाउद्दीन, जैनूलाउद्दीन, अजीमुद्दीन एवं सजाउद्दीन को घर के सामने कूड़ा डालने से मना किया, तो उन लोगों ने मारपीट की। शमशुद्दीन ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उक्त व्यक्तियों ने लाठी-डंडों से हमला किया। जब उनका बेटा अलाउद्दीन बीच-बचाव करने आया, तो उसे भी पीटा गया। उनकी पुत्रियां शमा बानो और शायमा बानो को भी पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई।

# जेसीबी से खोदाई में केबल कटी, 60 गांव अंधेरे में

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा में नाला निर्माण कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही बरती गई। कुर्सी चौराहे पर सुबह जेसीबी से खोदाई के दौरान 11 हजार वोल्ट की भूमिगत विद्युत केबल क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे विशुनपुर फीडर से जुड़े करीब 60 गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई।

खोदाई कार्य में लगे जेसीबी चालक को भूमिगत केबल की जानकारी नहीं थी। जैसे ही जेसीबी का फावड़ा नीचे गया, केबल कट गई और पूरे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। इससे सलारपुर, सालेहनगर, विशुनपुर, पवैयाबाद, तासपुर समेत दर्जनों गांवों में पंखे-कूलर बंद हो गए। बिजली विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। अवर अभियंता शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि जेसीबी से खुदाई के दौरान 11 हजार वोल्ट की भूमिगत लाइन कट गई है, जिससे आपूर्ति बाधित हुई है। विभागीय कर्मचारी तेजी से कार्य में जुटे हैं।

## कहासुनी के बाद ढाबे में लगायी आग

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी के नूरापुर में एक दिन पूर्व देर रात एक ढाबा जला दिया गया। यह घटना उसी दिन कहासुनी के बाद हुई। इस घटना में ढाबा संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है। नूरापुर निवासी ढाबा मालिक उदय प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 जून की रात करीब 10 बजे खाना खाने को लेकर ढाबे पर कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि दीपक वर्मा तथा उनके साथ आए दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी और चले गए। घटना के कुछ समय बाद ही आरोपी वापस आए और ढाबे के छप्पर में आग लगा दी।

# डेढ़ किलोग्राम गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

कार्रवाई

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बड्डूपुर पुलिस ने 3 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक किलो 500 ग्राम गांजा, एक स्कूटी व 3 मोबाइल बरामद किए हैं।

पुलिस टीम ने सोमवार को हैदर अली, मो. साहिल व आशिक अहमद को डफरपुर चौराहा ग्राम बसंतपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस टीमम ने तीनों तस्करों के पास से एक किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, 3 एंड्रायड मोबाइल फोन औरव घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की। तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना बड्डूपुर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।



पुलिस गिरफ्त में तस्कर।

करनी का फल

## सामुहिक दुराचार का झूठा मुकदमा दर्ज कराना पड़ा महंगा

# युवती को 7 साल के कारावास की सजा

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार :** सामुहिक दुराचार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में एससी-एसटी एक्ट की विशेष अदालत ने अभियुक्ता रेखा देवी को दोषी करार दिया है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने रेखा देवी को सात वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दो लाख एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि का आधा-आधा झूठा मुकदमा दर्ज कराने के चलते जेल में बंद रहे दोनों व्यक्तियों को दी जाएगी।

अभियोजन के मुताबिक 29 जून 2021 को रेखा ने बाराबंकी के जैदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें दो व्यक्तियों पर दुराचार का आरोप लगाया था। बाद में घटनास्थल लखनऊ के बीकेटी थानांतर्गत पाए जाने पर नौ मई 2022 को विवेचना थाना बीकेटी ट्रांसफर हो गयी। साथ ही इसमें एससी-एसटी एक्ट की बढ़ोतरी भी हुई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपों को झूठा पाया। लिहाजा इस मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी गई। विवेचक ने इसके साथ ही झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर रेखा के खिलाफ अदालत में परिवाद दाखिल कर दिया।

**बदला लेने व मुआवजा की लालच में दर्ज कराए जा रहे हैं फर्जी मुकदमे:** विशेष जज ने अपने फैसले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि निर्भया कांड के बाद यह प्रावधान किया गया कि सामान्य छेड़छाड़ से लेकर दुष्कर्म तक के मामलों की तुरंत रिपोर्ट दर्ज होगी। इसी के साथ पीड़िताओं को आर्थिक सहायता देने का भी प्रावधान किया गया लेकिन इसका नकारात्मक पहलू यह सामने आया है कि तेजी से फर्जी दुराचार व गैंगरेप के मामलों की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। इसी तरह एससी-एसटी एक्ट में भी ऐसे ही मिलते जुलते प्रावधान किए गए हैं जिसमें एफआईआर दर्ज कराने से लेकर आरोप पत्र प्रेषित करने और मुकदमे के विचारण की समाप्ति तक पीड़ित को विभिन्न चरणों में एक लाख से लेकर आठ लाख 25 हजार रुपए तक देने का प्रावधान है। एफआईआर दर्ज कराने के इस कठोर प्रावधान और पीड़ित बनकर प्रतिकर की धनराशि हड़पने की लालच ने अपराध व अपराधियों का एक नया वर्ग कानून व्यवस्थाओं से जुड़ी संस्थाओं जैसे पुलिस व अदालत के सामने पैदा कर दिया है, जो अपने दुश्मनों से बदला लेने के लिए कुछ महिलाओं द्वारा इसी प्रवृति के वकीलों से सांठ गांठ करके बलात्कार, गैंगरेप, एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे लिखाए जाते हैं और अपना बदला पूरा करने के साथ-साथ प्रतिकर की धनराशि को आपस में बांट लेते हैं। यह मामला भी गैंगरेप की झूठी सूचना देने व फर्जी एससी-एसटी एक्ट की घटना में एफआईआर दर्ज कराने के मामले को उजागर करता है जिसमें विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना व वैज्ञानिक साक्ष्यों ने दो निर्दोष व्यक्तियों को आजीवन जेल जाने से बचा लिया अन्यथा उनका जीवन बर्बाद हो गया होता। विवेचक की इस जागरूकता के बावजूद उन दोनों को करीब तीन माह जेल में व्यतीत करना पड़ा।

## घर से निकलीं दो छात्राएं लापता


**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर घर से निकलीं दो छात्राएं लापता हो गईं। परिजनों ने इन दोनों को भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पहला मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे का है। एक 14 वर्षीय छात्रा 10 जून को अपने घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद परिजनों को पास के एक घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जानकारी मिली कि छात्रा को अंतिम बार एक युवक के साथ जाते हुए देखा गया था। युवक भी उसी दिन से घर से गायब है। दूसरा मामला थाना सतरिख क्षेत्र के एक गांव का है, जहां एक 16 वर्षीय किशोरी 14 जून की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। दोनों ही मामलों में स्थानीय थानों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## विवाद संग पीपीएल का समापन अंपायरिंग पर उठे सवाल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** गत 9 जून से चल रही पेचरूवा प्रीमियर लीग के पहले सत्र का समापन सोमवार को विवादों के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में खराब अंपायरिंग का आरोप लगाते हुए एकता क्रिकेट क्लब हैदरगढ़ की टीम ने अंपायर के फैसले को मानने से इंकार कर दिया, जिसके चलते मैच अधूरा रह गया। बाद में अंपायरों ने घरेलू टीम नागेश्वर क्लब 11 को विजेता घोषित कर दिया।

निर्धारित समय से कई घंटे देरी से शुरू हुए फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए नागेश्वर ब्लक 11 ने 12 ओवर में 104 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा कर रही एकता क्रिकेट क्लब की पारी के दौरान छठे ओवर की दूसरी गेंद पर शैलेंद्र को आउट करार दिया गया लेकिन एकता क्लब ने इस निर्णय पर आपत्ति जताई। टीम के कप्तान उत्तम तिवारी ने बताया कि शैलेंद्र को फ्री हिट पर पहले कैच आउट करार दिया गया, जो नियमों के खिलाफ है। विरोध के बाद दर्शक मैदान में उतर आए और अंपायर कैच की पुष्टि के लिए बाउंड्री की ओर चले गए। इसी बीच करीब 10 मिनट का व्यवधान हुआ, जिसके बाद खिलाड़ी को रन आउट करार दिया गया।

# बिजली उपभोक्ताओं को न हो परेशानी : विधायक

## सिधौली पावर हाउस का किया औचक निरीक्षण, एसडीओ और जेई की अनुपस्थिति पर जतायी नाराजगी

संवाददाता, सीतापुर



विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते विधायक मनीष रावत

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक मनीष रावत ने सिधौली पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया। कमियां देखकर उन्होंने नाराजगी जताई।

विधायक मनीष रावत सिधौली स्थित पावर हाउस पहुंचे तो उन्हें वहां बड़ी संख्या में उपभोक्ता मिल गए। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशान न किया जाए, ट्रांसफॉर्मर बदले जाएं, बिल सही किए जाएं और नए कनेक्शन समय पर दिए जाएं। निरीक्षण के दौरान एसडीओ आशुतोष, जेई फुरकान अनुपस्थित मिले। इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई।

**अघोषित कटौती ने बढ़ाई मुश्किलें : खैराबाद।** 33 केवीए लाइन में ब्रेकडाउन होने से 12 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। तार जलने और ट्रांसफार्मर में आई शिकायतों के बाद लोगों को बड़ी संख्या में समस्या का सामना करना पड़ा। एसडीओ का कहना है कि टीम लगातार प्रयास कर रही है कि समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जा सके।

### विद्युत कटौती से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली कस्बे में बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज लोगों ने विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया। विरोध प्रदर्शन के बीच विभागीय अधिकारियों ने मान-मनौव्वल की। इलाका वासी अतुल, मनीष, अंकित, राकेश आदि ने बताया कि पिछले दो दिनों से बाधित आपूर्ति के कारण रोजमर्रा के कार्य बाधित हैं। पंखा चलना तो दूर मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। शिकायत की जाती है तो अधिकारी मौके पर मिलते ही नहीं हैं। उधर, कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि 132 केवी की मुख्य लाइन में फॉल्ट आने के कारण बिजली आपूर्ति ठप है। इलाका वासियों ने कहा है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो वे लोग आंदोलन करेंगे।

### शहादत नगर में बिजली संकट, ग्रामीणों ने फीडर घेरा

**इमलिया सुल्तानपुर :** एलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत शहादत नगर में बिजली आपूर्ति कई दिनों से बाधित है। ऐसे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने काजी कमालपुर विद्युत फीडर का घेराव किया। जमकर नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन भी किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे। ग्रामीण अनिल, मकबूल सहित अन्य लोगों ने बाधित आपूर्ति व्यवस्थित करने की मांग की है।

# वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली क्षेत्र में सड़क हादसे में ठेलिया चालक की मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे पर सिधौली से सिंहपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर हुआ। बताते हैं कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठेलिया को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

सिधौली कोतवाली क्षेत्र का बसंतपुर निवासी छोटेलाल (45) पुत्र छोटेलाल रोज की तरह अपनी ठेलिया लेकर सिधौली की ओर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के छोटेलाल ठेलिया सहित काफी दूर तक घिसटते चला गया। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# कार्यकत्रियों की मानदेय बढ़ाने की मांग, प्रदर्शन

संवाददाता, सीतापुर



मांगों के समर्थन में धरनास्थल पर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बीच कार्यकत्रियों ने 16 सूत्रीय मांगों से जुड़ा ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि उनका मानदेय बढ़ाकर कार्यकत्रियों को 18 हजार और सहायिकाओं को 10 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाए। वरिष्ठ कार्यकत्रियों को आयु सीमा के बिना मुख्य सेविका पद पर पदोन्नति मिले। ई-केवाईसी के लिए मोबाइल में पांच जीबी डाटा रिचार्ज की सुविधा मिले।

राशन वितरण में स्वयं सहायता समूह की भूमिका समाप्त की जानी आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने यह भी मांग उठाई सेवा पूरी करने वालों की मासिक पेंशन का भी निर्धारण हो। मृतक कार्यकत्रियों के आश्रितों को नियुक्ति दी जाए ताकि परिवारिक स्थितियां बेहतर हो सकें।

# बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, चार घायल

**सीतापुर, अमृत विचार :** तंबौर थाना क्षेत्र के सहिंजर कलां गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पहले कहासुनी और मारपीट हुई, फिर मामला इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग किये जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले में केस दर्ज करते हुए जांच कर रही है।

सहंजर कला निवासी नवल किशोर की मानें तो विपक्षियों के हमले में गोली उसकी कनपटी को छूती हुई निकल गई है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में प्रथम पक्ष से शैलेन्द्र मिश्रा, जबकि दूसरे पक्ष से नवल किशोर, राजनेश, हरिशरण और बब्लू भी घायल हुए हैं।उधर, शैलेन्द्र मिश्रा का दावा हैं कि विपक्षियों ने गोली चलाईं, जिससे एक गोली उनकी गर्दन के पास से निकल गई। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से नवल किशोर की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश सिंह का कहना है कि मारपीट की घटना में दोनों ही पक्ष घायल हुए हैं। एक घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है।

# वीडियो बनाकर युवक ने लगाया फंदा, मौत

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

**अप्रिय कदम**

- सकरन थानाक्षेत्र के उल्लहा गांव का था युवक
- तीन लोगों पर लगाया परेशान करने का आरोप, हिरासत में

**अमृत विचार:** रेउसा इलाके के तिलरवा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दी। बताते हैं कि मरने से पहले उसने वीडियो बनाया और आत्महत्या करने का कारण भी बताया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

सकरन थाना क्षेत्र का उल्लहा गांव निवासी 35 वर्षीय बब्लू देर शाम रेउसा के तिलरवा गांव पहुंचा। बताते हैं कि आत्महत्या करने से पहले उसने एक वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवक का आरोप था कि गांव के ही सतीश व अन्य लोगों उसे एक मामले में झूठा फंसा दिया है, जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान है। सकरन थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया कि घटना का स्थल रेउसा थाना क्षेत्र है। वायरल हुए वीडियो को आधार बनाते हुए तीन आरोपी हिरासत में ले लिये गए हैं।

# करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**हरगांव /सीतापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र हरगांव के ग्राम पंचायत कुशियारी मजरा अरमी निवासी सुंदरलाल (48) पुत्र जियालाल अपना ऑटो चार्जिंग में लगा रहा था। अर्थ उतर आने से वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन जब तक अस्पताल ले जाते तब तक मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त, चालक गंभीर : सीतापुर।** सिधौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर के पास नेशनल हाईवे पर सोमवार को एक ई-रिक्शा खाई में जा गिरा। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरिहरपुर निवासी ई-रिक्शा चालक 35 वर्षीय विजय कुमार नशे की हालत में वाहन चला रहा था। जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया।

# मिश्रिख ने बीहट बीरम को हराया

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मछरेहटा में फूड कोर्ट प्रीमियर लीग सीजन-1 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच मिश्रिख और चैलेंजिंग ऑलराउंडर्स बीहट बीरम के बीच खेला गया। मिश्रिख ने चैलेंजिंग ऑलराउंडर्स बीहट बीरम को हराकर जीत हासिल की।

11 दिन में आयोजित टूर्नामेंट में सम्मिलित 16 टीमों के बीच मैचों का आयोजन हुआ। फाइनल मुकाबला मिश्रिख और चैलेंजिंग ऑलराउंडर्स बीहट बीरम के बीच खेला गया। मिश्रिख की टीम निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए तथा चैलेंजिंग ऑलराउंडर्स टीम ने पीछा करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाकर आलआउट हो गई। मैच में विजेता टीम मिश्रिख को 21 हजार की नकद धनराशि, स्मृति चिह्न व पदक देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता चैलेंजिंग ऑल राउंडर्स बीहट बीरम को 11 हजार की नकद धनराशि, स्मृति चिह्न व पदक देकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, विधायक प्रतिनिधि गन्ना समिति रामगढ़ अध्यक्ष राम गोपाल अवस्थी, शिक्षक हरीश शुक्ला, संयोजक सूरज दीक्षित, आयोजक कमेटी के सदस्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# जीवन को निरोगी बनाता है योग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



योग का अभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ. वीनम यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। प्रधानाचार्य राधेश्याम ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग और प्राणायाम मानव जीवन को निरोगी और अनुशासित बनाने की अद्भुत विधा है। इसे अपनाकर व्यक्ति दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जी सकता है। प्रतियोगिता में निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, चित्रकला एवं योगासन की विधाओं में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक विधा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच-पांच प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज बेलहरा के प्रधानाचार्य देवी प्रसाद तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक समिति के सदस्यों सहित राजकीय शिक्षक संघ की अध्यक्ष अंजू रानी, अंतिमा श्रीवास्तव, सुशील कुमार द्विवेदी आदि थे।

# बाइक-नकदी न मिलने पर पत्नी को पीटा

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम नसीमापुर में दहेज के लोभ में एक पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। पीड़िता सोनिया विश्वकर्मा ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनिया की शादी छह वर्ष पूर्व नसीमापुर निवासी जितेंद्र के साथ हुई थी। दंपति के दो बच्चे भी हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति जितेंद्र लगातार अपाचे मोटरसाइकिल और तीन लाख पचास हजार रुपये दहेज में लाने का दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने डंडे, लात और घूंसों से मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया।

# अचानक बदले मौसम से पारा लुढ़का, गर्मी से मिली राहत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब एक सप्ताह से बेचैन कर देने वाली गर्मी से थोड़ी निजात मिली। सोमवार को एक बार फिर आसमान पर बादल छाये रहे। पारा लुढ़क कर 36 डिग्री पर आ गया।

बताते चलें कि बीते एक सप्ताह से भी अधिक समय से वातावरण पर तपिश, उमस का ऐसा कब्जा हुआ कि गर्मी से बचने का न ठौर मिला और न ही राहत के आसार नजर आए। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के वासी भीषण गर्मी से बेहाल हो गए। वहीं चढ़ते पारे ने बिजली आपूर्ति की धज्जियां उड़ा कर रख दीं। शहर में कटौती हुई और ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गए वहीं ग्रामीण इलाकों के हाल बद से बदतर हो चले। कुछ घंटे की आपूर्ति भी बड़ी बात हो गई। गर्मी से बिलबिलाए लोगों के लिए उपाय बस जोरदार बारिश ही थी पर आसमान पर आते जाते बादलों ने यह मुराद भी पूरी नहीं की। जिससे हालात और बिगड़ते चले गए। हालांकि कई दिनों के मुकाबले सोमवार की सुबह लोगों को राहत दे गई बारिश भले ही नहीं हुई पर काले बादलों संग चली हवाओं ने मौसम खुशनुमा कर दिया। दोपहर बाद तक धूप नहीं निकली जिससे पूरा दिन सामान्य रहा और पारा लुढ़क कर 36 डिग्री पर आ टिका।

**निर्देश** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया

# तय समय सीमा में पूरा हो चकबंदी का कार्य : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने चकबंदी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक चकबंदी आलोक कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 41 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, जिसमें प्रथम चक्र की प्रक्रिया 6 गांवों में और द्वितीय चक्र की प्रक्रिया 35 गांवों में संचालित है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रथम चक्र की चकबंदी प्रक्रिया हर हाल में 15 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाए। वहीं, द्वितीय चक्र के 16 गांवों में सर्वे और धारा 8 से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि भदरास, मवइया, रसूलपुर, कान्हीपुर, सहावर, बिजौली, डिंगरी, बच्छराजमऊ, लाही, बबुआपुर, ओदार, जासेपुर, सलेमाबाद आदि गांवों में चकबंदी कार्यों की अद्यतन स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए और कास्तकारों की आपत्तियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। चकबंदी से संबंधित मुकदमों के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि जैसे जनपद ने पुराने राजस्व वादों के निस्तारण में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, उसी प्रकार चकबंदी मुकदमों का भी मेरिट के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों द्वारा अपेक्षाकृत कम निस्तारण किए गए हैं, वे कार्यप्रणाली में सुधार लाएं।

# सत्यम के हत्यारों की गिरफ्तारी को आप ने घेरी विधानसभा

**लखनऊ, अमृत विचार:** बाराबंकी के सत्यम मिश्रा को न्याय दिलाने के लिए, आम आदमी के हक के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) बौद्ध प्रांत के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने जीपीओ हजरतगंज से विधानसभा भवन मार्ग तक प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि दरियाबाद के सत्यम मिश्रा, जो बीजेपी का मंडल मंत्री था और बीजेपी का सदस्य कार्यकर्ता था, उसकी हत्या कर दी गयी। जिसके बाद योगी आदित्यनाथ की पुलिस, न्याय की गुहार लगाते पीड़ित परिवार की एफआईआर भी नहीं लिख रही थी।

## सार-संक्षेप

### 37 लाभार्थियों को मिला कृषक दुर्घटना योजना का लाभ




सहायता राशि का चेक वितरित करतीं विधायक महमूदाबाद। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सोमवार को महमूदाबाद तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 37 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि उन परिवारों को दी गई, जिनके परिजनों की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हुई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक आशा मौर्य ने लाभार्थियों को चेक वितरित किए और भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उप जिलाधिकारी डीके सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र से कुल 37 पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अनिल कुमार, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह तोमर, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमाकांत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### कृषक योजना में 28 लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत तहसील मिश्रिख में आयोजित समारोह में 28 लाभार्थियों को धनराशि अंतरण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। यह प्रमाण पत्र लाभार्थियों के खातों में धनराशि स्थानांतरित किए जाने के उपरांत दिए गए। तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, गन्ना समिति के चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रतिभागियों को मिले प्रमाण पत्र व पुरस्कार



छात्रा को पुरस्कृत करते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** महिला खत्री सभा द्वारा छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में खत्री सभा के संरक्षक और जिलाध्यक्ष सहित अन्य मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जनपद की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। समारोह में कथक गुरु विकास पांडे को सम्मानित किया गया। साथ ही फ्रोसेटर्स किड्स विद्यालय के प्रबंधक राम मेहरोत्रा को भी उनकी विशिष्ट भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला खत्री सभा की जिलाध्यक्ष निर्मला मेहरोत्रा, निधि धवन, पूनम टंडन, ममता मेहरोत्रा, रुचि मेहरोत्रा, अंशु मेहरोत्रा, सीमा महेंद्र, खत्री सभा के जिला मंत्री वैभव मेहरोत्रा, नेहा महेंद्र सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### विश्व योग दिवस की तैयारियां तेज, युवाओं में उत्साह

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। रामपुर मथुरा इलाके में विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ती देखी गई है। बाबा बालक राम इंटर कॉलेज में योग प्रशिक्षक चक्रेश पांडेय ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। चक्रेश पांडेय ने बताया कि प्रदूषित खानपान और जीवनशैली के बीच योग ही व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रख सकता है। छात्राओं के बीच संवाद में जानकारियां साझा की गईं। योग प्रशिक्षक का कहना है कि 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां कर ली गई हैं।

### 11 साल बेमिसाल पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




शपथ लेते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य लोग। अमृत विचार

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** भाजपा मिश्रिख नैमिष नगर मंडल की ओर से मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल, सबका साथ सबका विकास को लेकर संगोष्ठी मिश्रिख ब्लॉक सभागार में हुई। आयोजित संगोष्ठी में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, गन्ना समिति चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख राम किंकर पांडेय ने 11 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेश पांडेय, सतीश शास्त्री, भास्कर मिश्रा, बिपिन मिश्रा, अंकित शुक्ला, शिवशंकर राजवंशी, संदीप, मयंक शेखर शुक्ल, अभय शुक्ला, डॉ. सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवागत सीओ ने बाजार का किया भ्रमण

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार :** नवागत सीओ नागेंद्र चौबे सिंह ने थाना परिसर में पीस कमेटी के दौरान परिचय बैठक की। सीओ की अध्यक्षता के दौरान आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर चर्चा हुई। बाद में नवागत सीओ नागेंद्र चौबे ने पुरानी बाजार पैदल मार्च कर जायजा लिया। बैठक में क्षेत्र के प्रधानों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर राज किशोर कनौजिया, सैय्यद मोहम्मद रेहान, साबिर अली, गुड्डू भाइयों, किशोरी मुनीम नाग, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गौरव रस्तोगी, पंकज शुक्ला प्रधान, मिहिब नदवी सहित बड़ी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नीब करौली मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

**सीतापुर, अमृत विचार :** मोहल्ला शमशेर बाग में बाबा नीब करौली के मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। पूड़ी, सब्जी और हलुए का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में अनीत मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, शरद मिश्रा, आनंद शुक्ला, देवेंद्र सिंह चौहान बबलू, कुलदीप शुक्ला, अनुज शुक्ला, आशीष शुक्ला, अमित गुप्ता, अवनीश मिश्रा, रंजीत गुप्ता, रिशू शुक्ला, टानू दीक्षित, पुनीत तिवारी ने भाग लिया।

## एक नजर

### पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य का आगमन 21 को

**सीतापुर, अमृत विचार :** प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येन्द्र कुमार बारी 21 जून को लहरपुर तहसील क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। उनके भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत व पोस्ट नबीनगर में पूर्वाह्न 11:30 बजे से जनचौपाल का आयोजन किया जाएगा। जनचौपाल कार्यक्रम के संयोजक सोमू बारी होंगे।

### बस और बाइक की टक्कर की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र में शाह महोली पुलिस चौकी के पास हुई दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच प्रारंभ कर दी गई है। इस हादसे में लखीमपुर खीरी के ग्राम समरदाहरी निवासी सलार की मौत हो गई थी। दुर्घटना बीती फरवरी को सुबह 11:30 बजे उस समय हुई थी जब हरदोई क्षेत्र की अनुबंधित बस और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई थी। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर घटना की मजिस्ट्रियल जांच कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने भटके किशोर को परिजनों से मिलवाया

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां थाना क्षेत्र के गुरसंडा गांव में एक किशोर रास्ता भटक गया। पता चला कि किशोर रामपुर कला थाना क्षेत्र के भैलूपुर गांव का रहने वाला 14 वर्षीय करन है। ग्रामीणों ने करन को उसके परिवार से मिलवाया।

### गाली देने का विरोध करने पर पिता-पुत्र ने पीटा

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** मामूली कहासुनी में विवाद हुआ। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रायपुर गंज निवासी मुन्ना सिंह केस दर्ज करते हुए आरोप लगाया है कि ओंकार व उसका पुत्र आकाश गालियां देने लगे। मना करने पर उपरोक्त लोगों ने मुन्ना सिंह की पिटाई कर दी।

# किसानों के कल्याण को समर्पित है सरकार : राही

## कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 39 लाभार्थियों को वितरित की गयी आर्थिक सहायता

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में पात्र कृषक लाभार्थियों को आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई।

मंत्री सुरेश राही ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण का परिचायक है। मंत्री राकेश राठौर गुरू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र कृषक अथवा आश्रित तक समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित कराया जाए। दोनों



लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते कारागार राज्यमंत्री और नगर विकास राज्यमंत्री।

मंत्रियों ने संयुक्त रूप से मंच से 39 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। इनमें से 36 लाभार्थियों को 5-5 लाख, दो को 2.5 लाख तथा एक को 1 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई। जनपद में अब तक कुल 245 लाभार्थी इस योजना के अंतर्गत चिह्नित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर के प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख हरगांव के प्रतिनिधि, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

### कृषक दुर्घटना योजना के तहत 21 परिवारों को मिली मदद

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 21 परिवारों को सहायता राशि का वितरण किया गया। तहसील के लोक सभागार में पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई। दुर्घटना में मृत 20 किसानों के आश्रितों को 5, पांच लाख रुपए की सहायता चेक वितरित की। एक दुर्घटना में हुए दिव्यांग किसान को ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता की चेक प्रदान की। पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अशोक यादव, राजस्व निरीक्षक संदेश सिंह, शत्रोहन सिंह, लेखपाल राहुल, आलोक श्रीवास्तव, अंकुत वर्मा, मानवेंद्र, सौरव, बलराम यादव सहित लाभार्थी रेनू वर्मा, सुदामा, राम देवी, प्रकाशनी वर्मा, कपिल कुमार, बबली देवी सलमा आदि उपस्थित थीं।

# मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सीतापुर

**कार्रवाई**

- दवा खरीदते समय करंट लगने से मौत का मामला

**अमृत विचार:** मेडिकल स्टोर संचालक पर लापरवाही की गाज गिर ही गई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली नगर में केस दर्ज हो गया है। मामला 5 अप्रैल को सफाईकर्मी की मौत से जुड़ा हुआ है।

बता दें कि 5 अप्रैल को सफाईकर्मी संदीप उर्फ विजय कुमार कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला लोहारबाग स्थित डॉ. महावर के पास अपनी पत्नी का दवा लेने आया था। चिकित्सक ने एक पर्चे पर दवा लिखी। दवा लेने के लिए संदीप निकट स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंचा। इसी दौरान मेडिकल स्टोर के सामने लगी स्टील रॉड में अचानक करंट उतर आया। चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे हुई। पीड़ित पक्ष का दावा है कि प्रार्थना पत्र देने के बावजूद उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने न्यायालय की शरण ली। दो माह बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक पर लापरवाही का केस दर्ज किया है।

# बारिश से सुहावना हुआ मौसम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** देर रात हुई बारिश ने एक बार फिर लोगों को राहत दी। हालांकि दिन बढ़ने पर तेज धूप निकली लेकिन तेज हवाओं के बीच मौसम खुशनुमा रहा।

48 घंटों के भीतर रविवार देर रात दूसरी बार बारिश हुई। रात में तापमान में गिरावट आ गई। सुबह कुछ देर बदली छाई, फिर धूप-छांव का खेल दिन भर चलता रहा। तेज हवाओं के बीच तापमान में धूप का खास असर नही रहा। अधिकतम तापमान 35 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश का कहना है कि आने वाले दिनों में बारिश का दौर शुरू होने जा रहा है। आने वाले दो दिनों में पूर्वी उप्र से मानसून की शुरुआत हो जाएगी।


बारिश के दौरान गुजरता ट्रक। अमृत विचार

**किसान और आमजन को मिली राहत :** रामपुर मथुरा इलाके में सोमवार सुबह लगभग 7:00 बजे हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आई, हालांकि दोपहर बाद धूप निकली जिससे उमस बढ़ गई। लेकिन आम दिनों की अपेक्षा लोगों ने राहत महसूस की। किसान खेतों और जरूरी कार्य को निपटाते हुए नजर आए।

# डीएम ने रोका बीएमएस का वेतन

**सख्त तेवर**

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में बैंक क्रेडिट लिंकेज की खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने संबंधित बीएमएम का वेतन रोकने और बेहद कमजोर प्रदर्शन करने वालों की संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों का नियमित अनुश्रवण करें और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर समय से, पूर्ण शुद्धता के साथ डेटा फीडिंग सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार समेत सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने किसान सम्मान निधि से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिये।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

# हत्यारोपी सहित चार गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। बिसवां, लहरपुर और सकरन की पुलिस टीमों ने चार वांछित एवं वारंटियों को गिरफ्तार किया।

वारंटी मिथुन निवासी मोहल्ला अमरनगर, थाना बिसवां को गिरफ्तार किया। लहरपुर पुलिस ने वांछित रामसिंह पुत्र मूलचन्द्र, निवासी ग्राम पसुरा बेलवा थाना लहरपुर को आला कत्ल लकड़ी के डंडा के साथ गिरफ्तार किया। थाना सकरन की पुलिस टीम ने दो पुराने वारंटी हरचरन पुत्र छविनाथ, निवासी महतिनपुरवा और शाहिद पुत्र मसरुद्दीन निवासी भिटमनी को गिरफ्तार किया गया।

# 4 किशोरों की मौत के बाद परिवार में मातम

संवाददाता सेवता, सीतापुर

**अमृत विचार:** रेउसा इलाके में मारुबेहड़ पुल के नजदीक देर रात हुए हादसे में चार किशोरों की मौत के बाद गांव कोहराम है। पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे किशोरों के शव के बाद इलाके में मातमी मंजर देखने को मिला।

रेउसा थानाक्षेत्र में ट्रक पलटने से बहराइच के भगवानपुर वासी सुफियान (15), मिशरनपुरवा निवासी अल्ताफ (14), रेउसा के चहलारी निवासी मुन्ना (16) और शिवपुरी निवासी अलफाज (15) की मौत हो गई थी। बताते हैं कि मुन्ना शिवपुरी गांव वासी अपने बहनोई अकबर अली के साथ रहकर मोटर साइकिल की रिपेरिंग का कार्य सीख रहा था। उसके साथ कुछ और लोग भी काम सीखते थे। घटना के समय सभी लोग वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। अल्फाज के करीबियों ने बताया कि उसके पिता के पास महज एक बीघा जमीन है, मजदूरी के सहारे ही परिवार चलता रहा है। उधर, बहराइच निवासी किशोरों के शव परिजन लेकर चले गए। सभी शवो का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# ढाबा व अस्पताल संचालक विवाद में क्रास केस दर्ज

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के वार्ड बेटा छावनी में शनिवार देर शाम ढाबा और निजी अस्पताल संचालक के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के आरोप लगाते हुए एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

अस्पताल संचालक डॉ. इरफान खान का आरोप है कि ढाबे पर बैठे लोग अस्पताल में आने वाली महिलाओं से अभद्र व्यवहार करते थे। जब उन्होंने विरोध किया तो ढाबा संचालक साथियों के साथ अस्पताल आया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

वहीं, ढाबा संचालक अंकित राठौर का कहना है कि डॉ. इरफान साथियों के साथ ढाबे पर आए और मारपीट की। उन्होंने बताया कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि ढाबा संचालक की शिकायत पर डॉ. इरफान समेत 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है, वहीं, डॉ. इरफान की ओर से दी गई तहरीर पर ढाबा संचालक अंकित राठौर सहित 10 अन्य लोगों पर भी केस दर्ज किया गया है।

# होटल में विवाद के बाद वृद्ध पर हमला

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के सिधौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भंडिया गांव में रविवार को एक होटल पर कहासुनी के बाद विवाद हो गया। जानलेवा हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस आरोपी की तलाश में है।

सिधौली के भण्डिया में चौराहे के नजदीक जगदीश का होटल है। ढकवा निवासी छमन्नू की कोठार मजरे के निवासी चंदर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। छमन्नू के मुताबिक, पहले चंदर ने लात-घूंसों से हमला किया और फिर ईंट उठाकर उनके सिर और चेहरे पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल छमन्नू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# कागजों पर पानी दे रहे खराब हैंडपंप

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर,

**परेशानी**

- लच्छीरामपुर कुनेहटा ग्राम पंचायत में मरम्मत के नाम पर एक साल में निकाले साढ़े छह लाख रुपए
- ग्रामीण आपस में चंदा कर हैंडपंप को कराते हैं दुरुस्त

**अमृत विचार:** सरकार गांवों के विकास के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीन स्तर पर योजनाएं कागजों तक ही सीमित हैं। ऐसा ही मामला मछरेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत लच्छीरामपुर कुनेहटा का है। जहां हैंडपंप मरम्मत के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये से अधिक खर्च हो गए। गांव के बाशिंदे कहते हैं कि खराब नलों को दुरुस्त कराने के लिए चंदा इकट्ठा कराया जा रहा है।

मछरेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत लच्छीरामपुर कुनेहटा में यह तस्वीर साफ है। ऑनलाइन आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 अप्रैल 2024 से 15 मई 2025 के बीच हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर पंचायत खाते से लगभग 6.5 लाख निकाल लिए गए। लेकिन हकीकत में बड़ी संख्या में हैंडपंप धूल धूसरित हैं। कई तो चंदा लेकर ठीक कराए गए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि शिकायतों के बाद समस्या जस की तस है। नल में खराबी आने पर गांव के लोग आपस में चंदा इकट्ठा कर मैकेनिक बुलाते हैं। प्रधान सोबरन लाल ने कहा कि मुझे पता ही नहीं चलता कि पैसा कैसे निकल जाता है। मीटिंग की सूचना तक नहीं मिलती। ठेकेदार और अन्य जिम्मेदार ही बता सकते हैं।

बीडीओ राजेश तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायतों के आधार पर जांच कराई जाएगी। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई भी होगी।

### अब भी अधूरा पड़ा है ग्राम पंचायत भवन

बड़ी आबादी वाले गांव में पंचायत भवन अब भी अधूरा है। ऐसे में बैठकों में परेशानी होती है। सामुदायिक शौचालय पर ताले लटकना अब आम है। कूड़ा प्रबंधन केंद्र भी सक्रिय नहीं है।

**सहूलियत** — निर्माण कार्य पहुंचा अंतिम चरण में, 15 करोड़ की लागत से घाघरा बंधे पर बनाई जा रहीं तीन ठोकरें

# 20 हजार आबादी को बाढ़ से राहत देंगी तीन ठोकरें

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र के बाराबंकी सीमा स्थित गांव अखरी, परमगोड़ा, कलुआ पुर के पास स्थित चहलारी- गणेशपुर बांध पर बाराबंकी बाढ़ खंड द्वारा तीन ठोकरों का निर्माण कराया जा रहा है। 15 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली ठोकर अपने अंतिम चरणों में है। ऐसे में आधा दर्जन गांव की 20 हजार से अधिक आबादी संभावित बाढ़ से सुरक्षित रह सकेगी।

तीन माह पूर्व नई ठोकरों का निर्माण किया गया था। इसको लेकर पिछले दिनों डीएम अभिषेक आनंद परमगोडा और बगस्ती गांव पहुंचकर बंधे पर बनी रही ठोकर निर्माण का जायजा लिया। डीएम के आदेश के बाद निर्माण कार्य ने और रफ्तार पकड़ी है।बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र रामपुर मथुरा में प्रशासन ने कुल नौ बाढ़ चौकियां बनाई हैं। जिसमें से एक मुख्य बाढ़ चौकी विकास खण्ड कार्यालय रामपुर मथुरा है। चार आश्रय स्थल के अलावा चार अस्थाई आश्रय स्थल पर बने हैं। रात बारिश के बाद सुबह कई लोगों दवा और अन्य जरूरतों को लेकर बाढ़ चौकियों पर देखे गए हैं। बाढ़ खंड बाराबंकी के अवर अभियंता संजीव उपाध्याय ने बताया कि तीनों ठोकर के आगे गोलाईदार नोज एप्रोच बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। ठोकर के दोनों तरफ एप्रोच का बाकी कार्य अंतिम चरण में है। पत्थर बांधने के लिए जाली मंगाई गई हैं। उसका कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा।


बंधे पर तैयार की गई ठोकर। अमृत विचार



घाघरा बंधे के एक छोर पर होता निर्माण कार्य। अमृत विचार

# बाढ़ में फंसे पीड़ितों को बचाएगा हेलीकॉप्टर

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार:** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में अचानक आई विपदा से लोगों को बचाने के लिए हेलीपैड तैयार किया गया है। बचाव को लेकर एनडीआरएफ की टीम ने तैयारियां कर ली हैं।

तीन तहसील बिसवां, लहरपुर और महमूदाबाद बाढ़ प्रभावित इलाकों से जुड़ी है। सबसे अधिक समस्या रामपुर मथुरा इलाके में रहती है। ऐसे में अचानक आई विपदा से निपटकर ग्रामीणों को बचाने के लिए रामपुर मथुरा का मेला मैदान चिन्हित कर लिया गया है। यहां हेलीपैड की व्यवस्थाएं पूरी हो गई हैं। एसडीएम महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह ने बताया है कि यदि बाढ़ की स्थिति और बिगड़ती है तो हेलीकॉप्टर से लोगों को सुरक्षित स्थान पहुंचाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### एक शाम अफसर बिसवानी के नाम कार्यक्रम आयोजित


शायरों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** मशहूर शायर सैय्यद खुर्शीद अफसर बिसवानी की याद में एक शाम अफसर बिसवानी के नाम कार्यक्रम का आयोजन ग्राम शहरी सरांय के निजामाबाद में जुबैर बिस्वानी के मकान पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शायर मोईन अल्वी खैराबादी उपस्थित हुए। अध्यक्षता डॉ. अफजल लहरपुरी ने और संचालन अनवर बिस्वानी ने किया। कार्यक्रम में शायरों को अफसर बिसवानी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर दो दर्जन शायरों ने अपना कलाम पेश किया। मोईन अल्वी खैराबादी, लखनऊ से पधारे शायर अभिश्रेष्ठ तिवारी, डॉ. कफील बिसवानी, शाहबाज तालिब लखनवी, डॉ. अफजल लहरपुरी, शकील सागर, अफसर कादरी, अनवर बिसवानी ने कलाम पेश किये। रात भर चली इस महफिल में डॉ. अजहर खैराबादी, शमीम नातिक, नय्यर शकेब, मिस्टर अमेठवी, राजेश सीतापुरी, हलीम महाराज नगरी, रफीक रसूल पुरी, शहजाद बिसवानी, शोएब बिसवानी आदि ने भी अपना कलाम पेश किया। इस मौके पर रहमान भारती, मोहम्मद यूनुस मुन्ना, मोहम्मद इसहाक, अफरोज, जैनुल आबेदीन, मोहम्मद कलीम, शोएब अहमद, मोहम्मद हलीम मौजूद रहे।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी


विकास खण्ड परिसर में लोगों को योगासनों का अभ्यास कराते प्रशिक्षक।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत चलने वाले योग सप्ताह के अंतर्गत स्थानीय विकासखंड परिसर में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक आलोक वर्मा ने विकासखंड परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एक योग शिविर का आयोजन किया। इसमें लोगों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ब्रजासन भुजंगासन आदि योग आसनों का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। योग से तन मन स्वस्थ रहता है व योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवन शैली के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, शारदा प्रसाद राणा, सत्येंद्र सिंह, अंशुल वर्मा, अमित वर्मा, ओमेंद्र यादव, महेंद्र मिश्रा, दिलीप वर्मा, राजेश मिश्रा, अविनाश रस्तोगी, कुलदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों ने योगाभ्यास में प्रतिभाग किया।

### एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण


तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन का दौरा कर आगामी जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, रहन–सहन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रशिक्षुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### दलों के पदाधिकारियों के साथ एसडीएम ने की बैठक


बैठक करतीं उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र 148 लहरपुर में सभी बूथों पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने – अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के संबंध में एक बैठक उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आहूत की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कन्हैया मेहरोत्रा, अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मेराज महबूब, बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साथ नायब तहसीलदार अशोक यादव, रजिस्ट्रार, कानूनगो संदेव सिंह, प्रदीप सूरज, रामू, ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर में मिले पांच मलेरिया पॉजिटिव


शिविर में मरीजों का परीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम ताहपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को किया गया। डॉ. खुशनूद आलम, डॉ. सरोज लता, फार्मासिस्ट अहमद, लैब टेक्नीशियन शोभित व उनकी मेडिकल टीम के द्वारा बुखार व विभिन्न रोगों से पीड़ित 151 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। संदिग्ध बुखार से पीड़ित 36 मरीजों की स्लाइड बनाई गई। जांच में 5 मरीज मलेरिया के पॉजिटिव पाए गए। इस मौके पर डॉ. खुशनूद आलम ने ग्रामीणों व मरीजों को साफ सफाई के लिए जागरूक किया।

# पालिकाध्यक्ष-सभासदों में जमकर तू-तू, मैं-मैं

## सभासदों ने अध्यक्ष के खिलाफ बाहरी लोगों को बुला पिस्तौल दिखाकर धमकाने की दी तहरीर

संवाददाता, रायबरेली


नगर पालिका परिषद में हंगामे के दौरान सभासदों को समझाते सदर कोतवाल राजेश सिंह।


नगर पालिका परिषद में आयोजित बोर्ड बैठक में नारेबाजी करते सभासद।

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक सोमवार को जंग का मैदान बन गया। काफी अरसे से चल रहे विरोध का एक अलग ही स्वरूप देखने को मिला। माहौल इतना अधिक बिगड़ गया कि अध्यक्ष को पुलिस फोर्स तक का सहारा लेना पड़ा। जैसे तैसे बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। इसके बाद अध्यक्ष ने सभासदों के खिलाफ जातिसूचक गाली और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर कोतवाली में दी। वहीं विरोधी सभासदों ने अध्यक्ष पर बाहरी लोगों को बुलाकर पिस्तौल दिखाने और बाहरी लोगों के नशे में धुत होकर महिला सभासदों से अभद्रता करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों से मिली तहरीरों की जांच कर रही है। अभी तक किसी पक्ष से मामला दर्ज नहीं हो सका।

वर्तमान में नगर पालिका में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। अध्यक्ष डाल-डाल तो सभासद चले पात-पात। जी हां नगर पालिका परिषद में कई महीने से कुछ ऐसा ही चल रहा है। फिलहाल सोमवार को अपने गुट के साथ नपाप अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा बोर्ड बैठक किए जाने

- पालिका परिषद बोर्ड की बैठक बनी जंग का मैदान, अध्यक्ष ने गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

से नाराज हुए सभासदों ने जमकर हंगामा काटा। इतना ही नहीं नपाप अध्यक्ष पर महिला सभासदों के साथ अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद कार्यालय में बिना सभासदों की जानकारी में लाए अध्यक्ष द्वारा मनमाने तरीके से पावर का दुरुपयोग किए जाने के बाद से पूरा मामला उलझा हुआ है। सोमवार को बैठक शुरू होते ही हंगामा होने लगा। सभासद जय प्रकाश वर्मा, सतीश कुमार मिश्रा, पुष्पा देवी, सुनीता पाल, आशा सिंह, कुसुमा, श्रवण कुमार, हसीना बानो, मोहित सिंह, रोहित पाण्डेय, कमरूद्दीन, पंकज साहू, रामखेलावन आदि इसे लेकर विरोध करने लगे। देखते ही देखते सभी चैम्बर के अंदर आ गए। दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मै होने लगी। हालात गालीगलौज तक पहुंच गए। माहौल बिगड़ता देख अध्यक्ष को पुलिस तक बुलानी पड़ गई। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि सभासद व अध्यक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले को संज्ञान में लेकर इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

### विकास में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सभासद

नपाप अध्यक्ष की करतूतों से परेशान सभासदों ने कहा कि अब नगर के विकास को लेकर बरती जाने वाली लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नपाप में अब सारे कामकाज नियम कानून से होंगे। ऐसा न करने पर वह आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। उनके लिए नगर का विकास सर्वोपरि है।

### 149 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने बताया कि बैठक में कुछ सभासद लगातार व्यवधान डाल रहे हैं। सोमवार को भी बैठक को प्रभावित करने की कोशिश की गई। उनके खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। बैठक में 149 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है। इसके अलावा टैक्स को यथावत रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शव वाहन आम जनमानस को समर्पित किया गया है।

### क्या कहते हैं ईओ

ईओ स्वर्ण सिंह का कहना है कि 149 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है। इसमें सभी सभासदों की सहमति है। इसके अलावा कुछ व्यवधान बीच में जरूर पड़ा, लेकिन सभासदों और अध्यक्ष ने इसका असर बजट पर नहीं पड़ने दिया। विकास कार्य में बजट की कमी नहीं होगी।

## विभाग प्रचारक राहुल का हुआ स्वागत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विभाग प्रचारक के पद पर स्वयंसेवकों के बीच सराहनीय कार्य करने वाले राहुल का दायित्व क्षेत्र बदलने पर लालगंज में स्वयं सेवकों ने स्वागत सम्मान किया। धर्म जागरण के सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला और व्यापार मंडल के महामंत्री शिवम गुप्ता ने अंगवस्त्र और भगवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। वहीं धर्म जागरण के ही जिला टीम के कार्यकर्ता सुरेंद्र गुप्ता और समर्थ गुप्ता ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अवसर पर विभाग विचारक राहुल ने कहा कि रायबरेली विभाग के स्वयंसेवकों से उन्हें बड़ा स्नेह मिला है। स्वयंसेवकों की सक्रियता से ही संघ का कार्य दिनों दिन बढ़ता रहा है। राहुल का स्थानांतरण कानपुर प्रांत के फर्रुखाबाद विभाग में हुआ है। इस मौके पर धर्म जागरण के जिला संयोजक शिव कैलाश और सुशील शुक्ला ने कहा कि विभाग प्रचारक राहुल का योगदान रायबरेली विभाग के लिए बहुत ही स्वर्णिम रहा है। शिव प्रकाश बच्चा पांडे, जय सिंह, रवि शंकर बाजपेई, हनुमान सिंह, गणेश बाजपेई सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# चाचा को अस्पताल में देख सदमे में किशोर की मौत

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

दुखद

- अस्पताल में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहा है युवक
- युवक के पिता की भी एक हफ्ते पहले हो चुकी है मौत


अखिलेश (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार।** एम्स में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे युवक के पिता के निधन के बाद नाबालिग भतीजे की भी सोमवार को मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि चाचा को अस्पताल में देख सदमे में आकर किशोर ने अपने प्राण त्याग दिए। एक हफ्ते में परिवार पर आई दोहरी मुसीबत के लिए परिजनों ने थानेदार और उनके सिपाहियों को जिम्मेदार ठहराया है।

विदित हो कि 26 मई के दिन चोरी के आरोप में पुलिस ने सलोन कस्बे के मोहल्ला पैगम्बरपुर पश्चिमी निवासी युवक अनिकेत समेत चार लोगों को उठाकर थाने ले गई थी। परिजनों का आरोप है कि थाने के अंदर पुलिस ने थर्ड डिग्री का प्रयोग कर अनिकेत समेत चारों को जेल भेज दिया था। जेल के अंदर हालत खराब होने पर पुलिस ने अनिकेत को जिला अस्पताल से एम्स में भर्ती कराया था। बीते मंगलवार के दिन बेटे की हालत गंभीर देख उसके पिता रामेश्वर की सदमे में मौत हो गई थी। सोमवार को अनिकेत के भतीजे अखिलेश (14) पुत्र दिनेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से घर मे कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि जिस दिन से अखिलेश अपने चाचा अनिकेत को अस्पताल से देखकर लौटा है, उसकी तबियत बिगड़ती चली गई। परिजनों का कहना है कि उसकी भी सदमे में आकर मौत हो गई है। एक हफ्ते के अंदर परिवार में दूसरी मौत से घर में मातम पसरा है। मृतक किशोर की बड़ी मां सुखराना का कहना है कि उनके घर मे एक के बाद एक कि हो रही मौतों के लिए सलोन पुलिस जिम्मेदार है। बेटा पुलिस की फर्जी कार्रवाई से जेल से अस्पताल पहुंच गया

# दोस्ती, प्यार और शादी के बाद घोंट दिया पत्नी का गला

संवाददाता, रायबरेली

- इंस्ट्राग्राम पर हुई थी दोस्ती, शादी के बाद पति-पत्नी में आई दरार
- हत्यारोपी पति साथी समेत गिरफ्तार एसआई ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई, दोस्ती प्यार में बदली और दोनो ने मंदिर में शादी रचा ली। एक साल के अंदर ही पति-पत्नी के रिश्ते में ऐसी दरार आई कि पति ने अपने साथी के साथ मिलकर पत्नी का गला घोंट दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गोण्डा निवासी वाली तनु और रायबरेली के छोटी बाजार निवासी राहुल की साल भर पहले इंस्टाग्राम पर जान पहचान हुई थी। दोनों ने एक दूसरे से मोबाइल नम्बर एक्सचेंज किए और बातचीत होने लगी। बातचीत के दौरान ही दोनों ने एक दूसरे से शादी का वायदा किया और तनु अपना घर परिवार छोड़कर रायबरेली आ गई। यहां राहुल ने तनु से मंदिर में शादी कर ली। शादी के छह महीने बाद ही दोनों के रिश्ते में दरार आनी शुरू हो गई। राहुल तनु को रास्ते से हटाने की जुगत में लग गया। बीती 12 जून को राहुल ने तनु का गला घोंटा और अपनी बचत के लिये उसे लेकर अस्पताल पहुंच गया। यहां राहुल ने डाक्टरों को उसकी तबियत खराब होना बताया था। उधर डाक्टरों ने जब तनु के गले पर निशान देखा तो उन्हें शक हुआ और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर राहुल को जाने दिया था। बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो मौत का कारण गला घोंटना बताया गया। सीओ अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आते ही लड़की के परिजनों से मुकदमा लिखाने की बात कही गई, लेकिन उन लोगों ने दिलचस्पी नहीं ली। तब शहर कोतवाली के एसआई गौरव बालियान ने रिपोर्ट दर्ज कराई और राहुल व हत्या में उसके सहयोगी रहे शहर कोतवाली के कप्तान का पुरवा निवासी विनोद माली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बसपा ने तेज किया गांव चलो अभियान

गौरीगंज अमेठी


गौरीगंज में आयोजित बसपा की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने अमेठी और गौरीगंज विधानसभा की विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन कर दिया है। पुनर्गठन के बाद सोमवार से गांव चलो अभियान तेज हुआ है। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने गांवों में जाकर लोगों के बीच बैठक और जनसंपर्क किया।

बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी और पूर्व एमएलसी भीमराव अम्बेडकर, मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल और डॉ दयाराम राजभर ने विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन करने के बाद उन्हें दस दिन के लिए संगठन का काम सौंपा है। 23 जून को पुनः समीक्षा बैठक बुलाई गई है। गौरीगंज में धर्मराज कोरी को विधानसभा अध्यक्ष, मोती लाल और राम नारायण चौहान को विधानसभा प्रभारी, राम केवल सरोज को विधानसभा सचिव और शिवशंकर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अमेठी विधानसभा में भैया राम यादव को विधानसभा महासचिव और प्रदीप कुमार कोरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पुनर्गठित कमेटियों ने काम शुरू कर दिया है। सोमवार को कोरारी हीरशाह, त्रिलोकपुर और बड़गांव में बैठकें आयोजित की गई। बसपा के विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, महासचिव भैया राम यादव, दुर्गेश कुमार कोरी ने सर्वसमाज के लोगों से बसपा को मजबूत करने की अपील की। मुसाफिरखाना प्रतिनिधि के अनुसार विधानसभा प्रभारी मोती लाल और उपाध्यक्ष अशोक यादव ने अभनपुर,कोछित और नेवादा में बसपा समर्थकों के साथ बैठक कर बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया। तिलोई प्रतिनिधि के अनुसार बसपा विधानसभा अध्यक्ष विजय गौतम ने चिलौली और विधानसभा प्रभारी के के आर्य ने राजामऊ में बैठक कर बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया।


सम्मानित होते नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

## श्याम करन बने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष

**अमेठी अमृत विचार।** क्षेत्र के शहरी गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल एवं मंडल अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी ने पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अमेठी के नवनियुक्त मंडल कार्यसमिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पार्टी में पहले से ही दायित्व निर्वहन कर रहे ज़्यादातर सदस्यों को पहले से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी ने बताया कि सरकार की नीति रीति को जन जन तक पहुंचाने में पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहती है। बताया कि सनहा गांव के श्याम करन को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राजीव शुक्ल, राजेश शर्मा, रामेंद्र जायसवाल के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारी संभाली है।

## तिलोई के विद्युत अधिशासी अभियंता का हुआ तबादला

**तिलोई अमेठी, अमृत विचार।** तहसील तिलोई मुख्यालय पर स्थित मोहनगंज विद्युत केन्द्र पर तैनात अवर अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय का विभागीय स्थानांतरण किया गया। इससे उपभोक्ताओं में मायूसी देखने को मिली। सरकार द्वारा 2024, 2025 में ओटीएस योजना के तहत मंडल में 25 करोड की वसूली कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस सम्बन्ध में मोहनगंज विद्युत विभाग के जेई आमित मौर्या ने बताया कि फिरहाल अभी यूपीपीसीएल लखनऊ आफिस के लिए स्थानांतरण हुआ है।

# घटतौली की शिकायत पर ग्रामीणों ने दर्ज कराये बयान

संवाददाता, संग्रामपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मिश्रौली बड़गांव में ग्रामीणों की कोटेदार के खिलाफ घटतौली और राशन न देने की शिकायत की जांच पड़ताल करने एआरओ सीमा पांडेय गांव पहुंची जहां उन्होंने पंचायत भवन पर कुछ ग्रामीणों का तो कुछ का घर जाकर बयान दर्ज किया।

ग्रामीण कालिदीन यादव ने बयान में बताया कि उन्हें पहली बार आपूर्ति निरीक्षक ने पिछले महीने पूरा राशन दिलाया था। इसके पहले उन्हें हर बार राशन कम मिलता था। कोटेदार पर ग्रामीण ने प्रत्येक यूनिट के केवाईसी के 100 रुपए लेने के आरोप भी लगाए। वही दूसरी कार्ड धारक मंजू के पति राजकुमार ने बताया कि 25 किलो राशन मिलना चाहिए लेकिन 23 किलो राशन मिलता है दो किलो कही भी तौल करने पर राशन कम रहता है। ग्रामीण अशोक सिंह ने बताया अंगूठा लगाने की सूचना कोटेदार नही देते है। जिससे उन्हें राशन नही मिल पाता है। कभी पूरा राशन नहीं मिला है,पिछले जून माह में मात्र पूरा राशन मिला। इसके पहले सरकारी काटें से तौल न करके प्राइवेट कांटे से तौल करके राशन कम दिया जा रहा था। इसके साथ ही ग्रामीण सूबेदार सिंह, रामकुमार, कृपाला देवी, बृजेश सिंह सहित 50 से 60 ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया। एआरओ सीमा पांडे ने बताया कि कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर जांच की गई है। पक्ष और विपक्ष मिलाकर 50 से 60 लोगों का बयान दर्ज किया गया है। जांच में मुख्य रूप से राशन कम मिलने की शिकायत सामने आई है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

# 80 किसानों के परिवारों को 3.77 करोड़ की मदद

संवाददाता, अमेठी


किसानों के परिवारों को चेक देते डीएम व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अमेठी जनपद के 80 किसानों के आश्रितों को 3 करोड़ 77 लाख 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता उन परिवारों को दी गई, जिन्होंने अपने परिजन को किसी दुर्घटना में खोया या उन्हें दिव्यांगता का सामना करना पड़ा।

जनपद की सभी तहसीलों गौरीगंज, तिलोई, अमेठी और मुसाफिरखाना में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से हुई। इसके बाद विभिन्न तहसीलों में

- मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत गौरीगंज, तिलोई, अमेठी और मुसाफिरखाना में हुए कार्यक्रम

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

तहसील गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम में 18 लाभार्थियों को चेक दिए गए, जबकि तिलोई में 19, अमेठी में 21 और मुसाफिरखाना में 22 लाभार्थियों को सहायता राशि दी गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत दुर्घटनावश मृत्यु या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में अधिकतम 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। आंशिक दिव्यांगता पर 2.5 लाख और 25% से 50% तक की दिव्यांगता पर 1.25 लाख रुपये की सहायता निर्धारित है।

# किसान मेले में सोलर पंप, मोटा अनाज व खेती पर की गई चर्चा

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन खरीफ 2025 के तहत विकासखंड परिसर में किसान मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकियों की जानकारी के साथ-साथ विभाग में संचालित सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिसमें एसएमएस अजेन्द्र सिंह द्वारा कृषि संबंधित समसामयिकी की जानकारी प्रदान की। डॉ. रंजन द्विवेदी ने मोटे अनाजों पर विस्तृत चर्चा की। इसी के साथ पशुपालन विभाग से उमेश चंद्र पशुपालन के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम अध्यक्ष किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राम नरेश गौड़ द्वारा कृषि संबंधित समसामयिक बिंदुओं पर चर्चा की तथा डॉ. अंकित यादव प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार महाराजगंज के द्वारा किसानों को बीजों पर देय अनुदान व समसामयिक जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी कृषि वीरेंद्र सिंह के द्वारा सोलर पंप, मोटा अनाज एवं धान की खेती पर चर्चा की गई तथा कृपा शंकर बीटीएम के द्वारा प्राकृतिक खेती, कार्बनिक खेती के साथ-साथ चूहा छछूंदर के रोग नियंत्रण तथा ट्राइकोडर्मा एवं विवेरिया के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। प्रगतिशील किसान उमा बक्स सिंह ने मेरी कहानी किसान की जुबानी के तहत सोलर पंप से होने वाले फायदे के बारे में बताया। विराट किसान मेले में किसानों के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 12 किसानों को पुरस्कृत किया गया। मेले में प्राविधिक सहायक शीरीश वर्मा प्राविधिक सहायक, केके मौर्य एटीएम, ओम प्रकाश मौर्य कंप्यूटर ऑपरेटर, राम बहादुर प्रक्षेत्र परिचालक एवं अवधेश यादव, अमरेंद्र सिंह, रामपाल, मुकेश सिंह सहित तमाम सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### टी 20 टूर्नामेंट में वाई सी ए स्टार्स का ट्रॉफी पर कब्जा


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी, मौजूद अन्य। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए जानी जा रही संस्था यूथ क्रिकेट अकादमी द्वारा यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। विगत कई दिनों से आठ टीमों के सभी खिलाड़ी इस खिताबी ट्रॉफी को अपने नाम करने के लिए मैदान पर पसीना बहाते नजर आये। पूरे टूर्नामेंट में बच्चों ने अपना हुनर दिखाया और यह साबित किया कि गुरु के मार्गदर्शन में सतत परिश्रम के साथ कोई शिष्य सम्बन्धित क्षेत्र में आसानी से मंजिल की ओर अग्रसर हो सकता है। फाइनल मैच वाईसीए थंडर्स और वाईसीए स्टार्स के मध्य हुआ, जिसमें वाईसीए थंडर्स के समक्ष 141 रनों का लक्ष्य वाईसीए स्टार्स ने रखा और थंडर्स की टीम को महज 108 रन पर समेटकर ट्रॉफी अपने नाम की। बतौर मुख्य अतिथि सीओ सिटी अमित सिंह, संस्था अध्यक्ष अनुभव कक्कड़, उपाध्यक्ष अवनीत चौधरी, प्रशांत सिंह व नीरज पाण्डेय ने विजयी टीम के खिलाड़ियों व रनर अप टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। गौरतलब है कि यूथ क्रिकेट अकादमी की स्थापना के बाद जनपद के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा संवारने का एक मंच मिला है। विगत कई वर्षों से क्रिकेट जैसे परंपरागत खेल को अपनी लगन व मेहनत से बढ़ावा दे रहे कोच सिविल रावत और उनके सहयोगी अंकुर शुक्ला, अमित शुक्ला आदि की मेहनत सफल होती नजर आ रही है। कोच सिविल रावत के मार्गदर्शन में क्रिकेट के भविष्य को संवारा जा रहा है।

### मौरंग लदा ट्रेलर पलटा, बाल-बाल बचे पांच लोग

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार की सुबह करीब 10 बजे बछरावां की ओर से मौरंग लादकर भवानीगढ़ की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित गीता फिलिंग स्टेशन के सामने गनेशगंज मोड़ पर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे स्थित राजेश गौतम की मोटरसाइकिल पंचर एवं मोटरसाइकिल वॉशिंग की दुकान पर जाकर पलट गया। इससे लिस्टर इंजन, गुमटी, कंप्रेसर मशीन, हवा की टंकी, शौचालय, बाथरूम और सीवर टैंक के साथ की दुकान में रखा सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दुकान के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलें ट्रक के नीचे दब गई। साथ ही हाई वोल्टेज लाइन के दो विद्युत पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने ट्रेलर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दुकानदार राजेश गौतम ने बताया जिस समय हादसा हुआ दुकान में पांच लोग बैठे थे। यदि 15 सेकंड की भी देरी हुई होती तो पांच लोगों की जान जा सकती थी। शिवगढ़ थाना प्रभारी बिन्ध्य विनय ने बताया कि ड्राइवर और क्लीनर दोनों को कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मामला दर्जकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कार सवार बदमाशों ने व्यापारी से 70 हजार लूटे

**महराजगंज, कोतवाली, अमृत विचार।** महराजगंज कस्बा निवासी सब्जी व्यापारी मोहम्मद समीम ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे वह कानपुर मंडी जा रहा था। तभी सलेथू नहर के आगे बरहुआं मोड़ के पास महराजगंज की तरफ से ब्लैक रंग की कार में सवार चार लोगों ने उसकी पिकअप रोक ली। वह कुछ समझ पाता तभी उनमें से एक ने लाइसेंस दिखाने को कहा। तभी कार में सवार अन्य लोगों ने उसकी कनपटी पर कट्टा सटाकर उसके पास रखे 70 हजार रुपये और मोबाइल छीन लिए और फरार हो गए। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। सड़क किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले को दर्ज कर लिया गया है। व्यापारी द्वारा कुछ सुराग दिए गए हैं, उसी आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### विधान सभा याचिका समिति की उप समिति की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति (2024–25) की उप समिति ने जनपद भ्रमण अध्ययन कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में बैठक हुई। अध्यक्षता सभापति संजय कुमार शर्मा ने किया। इसमें सदस्य प्रभु नारायण सिंह यादव, विवेक कुमार वर्मा, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, समिति के उप सचिव नीरज कुमार सचान, समिति सहायक कमल कुमार, भाष्कर मणी त्रिपाठी मौजूद रहें। बैठक के बाद सभापति ने पत्रकारों ने रूबरू होते हुए बताया कि समिति एक प्रकरण को लेकर जनपद रायबरेली आयी है। शिकायतकर्ता नीलम पाण्डेय ने शिकायत की है कि जनपद रायबरेली की तहसील सदर के ग्राम कठवारा में स्थित भूमि का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भूमि का अधिगृहण गलत तरीके से किया गया है। उनकी भूमि वाणिज्य भूमि थी, उसका अधिगृहण एनएचएआई व राजस्व विभाग द्वारा कृषि भूमि दिखाकर गलत तरीके से किया गया है। जमीन अधिगृहण किये जाने की उसको किसी प्रकार की कोई सूचना नही दी गई। प्रकरण वर्ष 2012 से वर्ष 2014 के मध्य का है। समिति की जांच में यह निष्कर्ष निकला है कि जमीन का अधिगृहण करते समय एनएचएआई व राजस्व की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन नही किया गया और न ही जमीन के मालिक को कोई जानकारी दी गई है और उसका पूरा प्रतिकर भी नही दिया गया है।

### पदाधिकारियों ने किया हिंगलाज धाम का दर्शन पूजन


हिंगलाज धाम पर उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना अमेठी अमृत विचार।** क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल और जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के अनुमोदन के बाद मुसाफिरखाना मंडल में मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में सभी नए पदाधिकारियों, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, राकेश कुमार शुक्ला, संतोष कुमार श्रीवास्तव, अमित यादव, नीलम राणा, राजेश सिंह, मंडल महामंत्री राधेश्याम शुक्ल, जयविंद सिंह, मंडल मंत्री सुरेश पासी, राजबक्स यादव, स्वामीनाथ साहू, सुमन सिंह, शांति देवी, राम अचल कोरी और मंडल कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र मौर्य ने सोमवार को आदिशक्ति मां हिंगलाज धाम में एक साथ दर्शन पूजन किया।

### लापता 11 वर्षीय बालक छह दिन बाद बरामद

**संग्रामपुर ,अमेठी अमृत विचार।** क्षेत्र के खौपुर बुजुर्ग गांव निवासी राधेश्याम वनवासी का 11 वर्षीय पुत्र गोपाल नौ जून की दोपहर करीब 1:30 बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं लग पाया। पिता की तहरीर पर रविवार को बालक के लापता होने के छह दिन बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। सोमवार की शाम को मालती नदी पुल के पास ग्रामीणों ने एक बालक को देखा, जिसकी सूचना पीआरवी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बालक को सुपुर्दगी में लेकर अस्पताल भेजा। पिता राधेश्याम ने बताया उसके बेटे ने बताया कि उसके गांव में रिश्तेदारी में आया युवक घर से समोसा खिलाने के लिए अम्मरपुर बाजार ले गया था जहां से साइकिल से अंतू स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर प्रतापगढ़ और वहां से साइकिल से सोरांव के किसी गांव में ले गया था। जहां तीन दिन अपने घर और तीन दिन अपने रिश्तेदार के यहां उसे रखा। रविवार को गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज होने की सूचना मिलने पर आज दोपहर ढेंगहा मालती नदी के पास छोड़कर चला गया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। सोमवार की शाम बालक बरामद हुआ है। मेडिकल परीक्षण कराकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई मछलियां

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के धोये गांव में तालाब में मछलियां मृत पाई गई। किसान ने तालाब में जहर डालकर मछलियों के मारने का आरोप लगाया है। संग्रामपुर के ईटहना मज़रे धोये गांव निवासी कुलदीप सिंह ने गांव में तालाब में मछलियां पाली है। सोमवार को जब वह तालाब पर गये तो मछलियां तालाब के ऊपर मृत दशा में मिली। किसान का आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति में तालाब में जहर डालकर मछलियों को मार दिया है कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि शिकायत पत्र नही मिला है।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**सिंहपुर,अमेठी अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह का अमेठी प्रथम आगमन पर इन्हौना चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री सोनू सिंह ने किया। इस अवसर पर देव नारायण तिवारी, दिनेश त्रिपाठी, अम्बिका शरण सिंह, अरुण शुक्ला, पीके तिवारी, सुरेंद्र सिंह, संतोष तिवारी, राजू सिंह, कामेश्वर सिंह मौजूद रहे।

# विद्युत कटौती से कांग्रेसियों में उबाल


## पर्याप्त बिजली न मिलने से कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में लगातार बढ़ रही विद्युत आपूर्ति को लेकर कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यपाल को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। कांग्रेसियों ने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से कहा है कि यदि समय से विद्युत आपूर्ति नहीं कराई गई तो गर्मी में आम जन मानस परेशान होगा। साथ ही धान की नर्सरी तैयारी करने में किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में आम-जन भयंकर गर्मी और उमस से बेहाल है। वर्तमान समय में विद्युत कटौती के चलते जनपद में विद्युत आपूर्ति की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। बिजली न मिल पाने के कारण आम-जन, व्यापारी, छात्र आदि लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि धान की रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने का समय चल रहा है यदि विद्युत आपूर्ति पर्याप्त न कराई गई तो किसान के सामने कठिनाइयों का पहाड़ खड़ा हो जाएगा।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से अविलम्ब निजात दिलाई जाए। उनका कहना है कि तमाम विद्युत उपकेन्द्र पूरी क्षमता के साथ कार्य नहीं कर रहे है, जिससे सैकड़ो गांव के लोग गर्मी से परेशान हैं और किसान धान की फसल की रोपाई की तैयारी न कर पाने से चिंतित है। उन्होंने जर्जर व पुराने तारों को अविलम्ब बदलवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस कार्य. जिला प्रवक्ता महताब आलम, सुधा द्विवेदी, अतुल सिंह, निर्मल शुक्ला, रमेश कुमार शुक्ला, हाजी मो. इलियास, सईदुल हसन, राहुल बाजपेई, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, अनुज सिंह, रमा श्रीवास्तव, अविरल त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, मोहित मौर्या, दिनेश यादव, मो.अशरफ खान, आशीष द्विवेदी, सूर्यकुमार बाजपेई, अभय त्रिवेदी, सै.अरशद, आकर्षण द्विवेदी, विजय पटेल, विश्वनाथ त्रिवेदी, नौशाद हुसैन खतीब, कुसुम लता रावत, संतोष त्रिवेदी, महेश प्रसाद शर्मा, अविनाश, चन्द्र बाजपेई, पल्टू पासी, प्रियंका रावत, सतीश पासी, सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

**समस्या**

**धान की नर्सरी तैयार करने में बनेगी रोड़ा**

## विद्युत आपूर्ति ध्वस्त मची त्राहि-त्राहि

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** उन्नाव जिले के मौरावां से विद्युत उपकेंद्र खीरों को आने वाली 33 केवी मौरावां उन्नाव लाइन में सोमवार को सुबह लगभग 11 बजे खराबी आ गई। जिससे क्षेत्र की एक लाख आबादी की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत कर्मियों ने काफी मेहनत कर लगभग 25 किमी लम्बी 33 केवी लाइन की पेट्रोलिंग कर खराबी खोजने का प्रयास किया। लेकिन कोई खराबी न मिलने पर लाइन की मेगरिंग की गई और लाइन दुरुस्त मिलने पर करीब 4 घंटे 30 मिनट बाद पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन लो वोल्टेज की समस्या के चलते अधिकांश उपभोक्ताओं के घर के समर्सिबल नहीं चल पाये, जिससे शाम तक उपभोक्ताओं को पीने के पानी की दिक्कत बनी रही। उपकेंद्र के एक लाख लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की समस्या का निदान नहीं कर पा रहा है। अवर अभियंता वीके सिंह ने बताया कि गर्मी में बिजली की मांग अधिक होने के कारण लो वोल्टेज की समस्या पैदा हो रही है। लाइनों में खराबी के साथ उपकरण भी खराब हो रहे है। उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में आई खराबी को ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

**एक नजर**

### चोरी की दो बाइक के साथ दबोचा

**महराजगंज, रायबरेली।** पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। 15 जून रविवार को चंदापुर थाना में मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में दर्ज मुकदमे में चंदापुर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सोमवार को स्थानीय पुलिस ने संतोषपुर जनई मार्ग पर स्थित कसरेहला पुल से समरहदा गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र छोटे लाल को चोरी की मोटरसाइकिल व मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया किया है। पकड़े गए युवक से पूछताछ के दौरान एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल और बरामद हुई है। प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि युवक के पास से दो मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज-रायबरेली मार्ग पर साइकिल सवार 70 वर्षीय बुजुर्ग जगन्नाथ अवस्थी पुत्र नागेश्वर अवस्थी को ट्रैक्टर चालक ने पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज-रायबरेली मार्ग पर नवोदय चौराहे के पास सोमवार दोपहर की है। चौराहे पर मौजूद राहगीर जगजीवन मिश्रा ने घायल के परिजनों को सूचना दी व एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बुजुर्ग की हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जनरेटर में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**सलोन, रायबरेली।** तहसील परिसर में रखे जेनरेटर में सोमवार को भीषण गर्मी के चलते अचानक आग लग गई। इससे तहसील में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं और तहसील कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग को बुझाया जा सका। इस दौरान जनरेटर में आग लगने से अफसरों और कर्मियों को भी दिक्कत से जूझते देखा गया है। घटना दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास की है। सलोन तहसील परिसर में एक जोरदार चिंगारी के साथ जनरेटर से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही क्षणों में आग की लपटें निकलने लगी। परिसर में मौजूद कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने के प्राथमिक प्रयास किए, लेकिन जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती नजर आई तो तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आधे घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। एसडीएम सलोन ने बताया कि जनरेटर में आग लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

### मुख्यमंत्री से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष हुई चर्चा

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी और पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा पुष्पेंद्र सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से जिले के विकास पर चर्चा की। साथ ही जनसमस्याओं से भी अवगत कराया। भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि लालगंज गेगासो स्थित मां संकटा देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के संबंध में मुख्यमंत्रीजी से वार्ता की है। इसके अलावा कानून व्यवस्था को लेकर कार्यकताओं के कई मामलों को बताया। मुख्यमंत्री जी ने शीघ्र ही सभी समस्याओं को निस्तारण का आश्वासन दिया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री से बताई पेयजल की समस्या

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक डॉ मनोज कुमार पांडे ने जगतपुर व दीन शाह गौरा विकासखंड के एक दर्जन गांवों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कहीं पर लो वोल्टेज की समस्या तो कहीं टूटी पुलिया की समस्या लोगों ने बताई। भ्रमण के दौरान किसी ने इंडिया मार्का हैंडपंप, सोलर लाइट तो किसी ने सड़क की मांग की।

ऊंचाहार विधायक श्री पांडे ने अपना संपर्क जगतपुर विकासखंड से शुरू किया। उसके बाद सबसे पहले पूरे अवसेरी में शिवराम गौतम के घर गए। उसके बाद टीकर अगाचीपुर में छेदी सिंह के घर पर लोगों से मुलाकात की और समस्याओं के बारे में नजदीक से जानकारी ली। मुरारी तिवारी के घर लोगों ने बिजली की समस्या बताई। इसके बाद मिल्खा ग्राम पंचायत में संतलाल पासी, राम सुमेर गौतम, बुद्धि मौर्य, पूरे लाल में उमेश श्रीवास्तव के घर बैठकर समस्याओं की जानकारी ली। इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष देवेश वर्मा, राजेश तिवारी, बबलू लोधी, लाल तिवारी, पन्नू त्रिवेदी, शिव प्रताप सिंह, गुलाब सिंह, कुशेन्द्र बाजपेई, कुलदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. मनोज कुमार पांडे।

# बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** बांदा-बहराइच राजमार्ग के ठकुराइन खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवारों ने एक साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक परीक्षण के दौरान एक को मृत घोषित कर दिया गया। वही दो घायलो को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रज्जनलाल पुत्र बाबूलाल (45) निवासी बन्नावां अपने एक साथी के साथ साइकिल से पड़ोसी गांव ठकुराइन खेड़ा छप्पर छाने जा रहे थे। तभी बछरावां से लालगंज की तरफ जा रहे एक तेज बाइक सवारों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर बाइक के भी पर परखच्चे उड़ गए। इस घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। मौजूद चिकित्सक भावेश यादव ने रज्जन लाल को प्राथमिक परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रांजुल व ब्रम्हादीन का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पात्र लाभार्थियों को वितरित की गई कृषक दुर्घटना बीमा की चेक


प्रमाण पत्र वितरित करते भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, चेयरमैन पति प्रभात साहू, अधिकारी।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** तहसील सभागार में आयोजित कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 25 लाभार्थियों को एक करोड़ 25 लाख रुपए के चेक वितरित किए गए। चेक वितरण के पूर्व अम्बेडकर नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कृषक दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, चेयरमैन पति प्रभात साहू व एसडीएम सचिन यादव द्वारा लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर कुसमहुरा निवासी अजय कुमार, पोखरनी निवासी अम्बिका, बेड़ारु निवासी संतोष कुमारी, शशि, शिव लली, अनीता, रामदुलारी, शीला, पूजा आदि लाभार्थियों को सवा करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार मंजुला मिश्रा, भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह, सरोज गौतम, उमेश दीक्षित, प्रदीप श्रीवास्तव, रज्जन, आबिद अली, राजीव मिश्रा सहित तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों को बांटे गए कृषक दुर्घटना बीमा के स्वीकृति पत्र

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भाजपा के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी के द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा के स्वीकृत प्रमाण पत्र लाभार्थियों को दिए गए। प्रमाण पत्र वितरण के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण भी लाभार्थियों के बीच तहसील सभागार में सुना गया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन से लाभार्थियों में खासा उत्साह रहा। पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि कृषक दुर्घटना योजना सरकार की लोकप्रिय योजना है। किसी भी तरह की दुर्घटना में किसान को पांच लाख रुपए मिलते हैं। विकलांग को ढाई लाख रुपए मिलते हैं। लालगंज तहसील के 42 लाभार्थियों में से 39 को पांच लाख रुपए के स्वीकृत प्रमाण पत्र दिए गए। वहीं दो विकलांग हुए लाभार्थियों को ढाई लाख रुपए स्वीकृत प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावां एक लाभार्थी को पहले ही चार लाख रुपए दिए जा चुके थे। आज उसे एक लाख रुपए का स्वीकृत प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, मनोज सिंह, राघवेंद्र सिंह, चंद्रप्रकाश पांडे सहित लेखपाल व कानून गो मौजूद रहे।


किसान दुर्घटना का प्रमाण पत्र सौंपते विधायक धीरेंद्र सिंह।

### गरीब के उत्थान के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध : अशोक

**सलोन, रायबरेली।** ब्लॉक सभागार सलोन में 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरण का कार्यक्रम किया गया है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी मौजूद लोगों ने सभागार में देखा। इस मौके पर 17 लाभार्थियों को प्रतीक चेक दिया गया। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम ने कहा कि सभी लाभार्थियों के खाते में पैसे भेजा जा रहा है। विधायक अशोक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी जरूरतमंद की समस्याएं को दूर करने का काम ये भाजपा सरकार कर रही है। गरीब के उत्थान के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इस मौके पर तहसीलदार दीपिका सिंह, नायब तहसीलदार शमीम अहमद मौजूद रहे।


महिला को प्रमाण पत्र देते विधायक अशोक कुमार, मौजूद अन्य।

# लापरवाह थाना प्रभारी लाइन हाजिर, जांच में मिली शिथिलता

**बछरावां, रायबरेली।** स्थानीय थाने में थाना प्रभारी के रूप में तैनात पंकज कुमार त्यागी के ऊपर सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने बताया कि बछरावां थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी की लापरवाही एवं कार्यों के प्रति शिथिलता की लगातार कई शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसके पश्चात इन्ही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए गुप्त रूप से मौके पर स्थलीय जांच भी कराई गई थी। जिसमें थाने की बाउंड्री वॉल के सामने मौजूद अतिक्रमण, थाने के सामने खड़ी हो रही गाड़ियां, मुख्य चौराहे पर फैला अतिक्रमण, हाईवे मार्ग पर सज रही फलों की मंडी एवं अनेकों समस्याएं सामने आई थी। जिसका निदान करने में उनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। इन्हीं बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए उनके ऊपर यह कार्यवाही की गई है। फिलहाल बछरावां थाने में उनके स्थान पर अभी कोई नवीन तैनाती नहीं की गई।

# कथावाचक ने श्रद्धालुओं को कराया कथा का रसास्वादन

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे नेम का पुरवा मजरे जमुरवा बुजुर्ग गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर सोमवार को भंडारा का आयोजन किया गया था। प्रसाद पाने को मुख्यालय सहित आसपास जिलों के लोग बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शांतनु महाराज ने सात दिनों तक श्रोताओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया था। कथा सुनने को जौनपुर, अमेठी, तिलोई, रायबरेली, सुल्तानपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। कथा के सामापन पर सोमवार दोपहर चार बजे हवन के बाद आयोजित भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। सुबह से ही दर्जनों की संख्या में महिलाएं पुरुष पूड़ी, सब्जी हलुआ, बूंदी, चावल बनाने में जुटी रही। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्यास आचार्य शांतुन जी ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।


कथावाचक को सम्मानित करते सूबे के मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह।

**प्रतियोगिता**

**श्री जय जमादार बाबा डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सिंहपुर को मिली शिकस्त**

# डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में शानू इलेवन ने लहराया परचम

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के पहाड़पुर वार्ड नम्बर 11 में आयोजित चौथी श्री जय जमादार बाबा डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सिंहपुर और शानू इलेवन के मध्य खेला गया। इसमें शानू इलेवन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप पर कब्जा जमा लिया। विशिष्ट अतिथि बीके टूर एण्ड ट्रेवल्स के डायरेक्टर बीकेअवस्थी ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, स्कोरर, अम्पायर को कम्पनी की ओर से ट्रैकसूट एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम को कप के साथ 30 हजार रुपये और उपविजेता टीम को कप के साथ 15 हजार रुपये दिए गए। युवा समाजसेवी राज दीक्षित द्वारा प्रतियोगिता में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। वहीं नर्सिंग ऑटोमोबाइल शोरूम गुमावा के प्रबंधक सूरज सिंह द्वारा बेस्ट बालर और बेस्ट बैट्समैन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इससे पहले प्रतियोगिता का आयोजन सैनिक ढाबा भवानीगढ़ शिवाकान्त अवस्थी उर्फ फौजी दादा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। फाइनल मैच में शानू इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सिंहपुर टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 5 विकेट नुकसान पर 43 रनों के स्कोर पर सिमट गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शानू इलेवन ने 4.2 ओवर में 9 विकेट से मैच जीतकर कप अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ़ द मैच शानू इलेवन टीम के वकार हैदर तथा मैन ऑफ़ द सीरीज अभिषेक मण्डेला को दिया गया। प्रतियोगिता में रोमांचक कमेंट्री अवनीष शुक्ला, हर्ष अवस्थी, शमशाद खान ने की। स्कोरर की भूमिका शुभकान्त अवस्थी, युवराज और अंपायरिंग शशांक, जीतू, राजन शुक्ला, दीपू मिश्रा ने की। इस मौके पर हैदरगढ़ चेयरमैन आलोक तिवारी, सपा विधायक श्यामसुन्दर भारती, लक्ष्मीकान्त रावत, गिरिजा शंकर मिश्रा, प्रतियोगिता के व्यवस्थापक उमाकान्त अवस्थी, संरक्षण के सुशील कुमार त्रिवेदी उर्फ बाबा बर्फानी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, राकेश त्रिवेदी, पवन मिश्रा, शालू गुप्ता,शानू यज्ञसैनी आदि लोग उपस्थित रहे।


श्री जय जमादार बाबा डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ी।

## कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू

**ऊंचाहार, रायबरेली।** सावन महीने में कावड़ यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। कांवड़ यात्रा के विभिन्न संगठन अभी से ही इस तैयारी में जुटे हुए हैं। ऊंचाहार नगर से बाबा बैजनाथ धाम जाने वाली प्रमुख कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों की संख्या को तय कर दिया गया है। संगठन के अध्यक्ष पूर्व प्रधान लालचंद कौशल ने बताया कि यह कांवड़ यात्रा सुल्तानगंज से जल भरकर बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करेगी। इसके लिए 56 सीटों वाली वातानुकूलित बस तय कर दी गई है। सभी यात्रियों के रास्ते में भोजन आदि की व्यवस्था होगी। इसमें प्रमुख रूप से शीतला प्रसाद मौर्य, रामू सिंह, वीरेंद्र पाल, मोनू कौशल, नरेंद्र गुप्ता, सुनील पासवान आदि भूमिका निभा रहे हैं।

**सार-संक्षेप**

### प्रधानाध्यापक पर लगे आरोप मिले गलत, किया सम्मान


प्राथमिक विद्यालय बलीपुर कुशमहुरा में प्रधानाध्यापक के आने पर खुशी जताते अभिभावक।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बलीपुर कुशमहुरा में सहायक अध्यापिका द्वारा प्रधानाध्यापक पर लगाए गए आरोप गलत पाए गए। इसके साथ ही बीएसए ने निलंबन को रद्द करते हुए बहाल कर दिया। वहीं विद्यालय पहुंचने पर अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक का जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि बीती दिसम्बर 2024 में सहायक अध्यापिका की शिकायत पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया था। जांच में दोष सिद्ध न होने पर प्रधानाध्यापक अमरपाल की सवेतन बहाली कर दी गई। 16 जून को स्कूल खुलने पर ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक अमरपाल व अन्य दो सहायक अध्यापकों का फूल मालाओं से स्वागत कर एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल कुमार ने कहा कि प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति में बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक को न्याय मिलने से अब बच्चों का भविष्य बेहतर होगा। उन्होंने ऐसे ही ईमानदार शिक्षकों की नियुक्ति की कामना की, जो बच्चों के भविष्य को संवार सकें।

### योग से विश्व पटल पर भारत का बढ़ा मान : जय प्रकाश


शिविर में शामिल प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के तहत ब्लाक परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि योग से विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ा है। हमें निरोगी रहने के लिए व्यायाम के साथ हर दिन योग करना चाहिए। इससे रोग ही नहीं बल्कि हम डाक्टरों से भी छुटकारा पा सकते हैं। खंड विकास अधिकारी प्रमोदकुमार यादव ने सभी को योग की शपथ दिलाते हुए कहा कि व्यक्ति का सेहत ही सबसे बड़ा धन है। इसके लिए हर किसी को योग अपनाना चाहिए। दिनचर्या का थोड़ा समय निकालकर व्यायाम और योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने ब्लाक कर्मियों के साथ ही स्थानीय लोगों को शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रशिक्षिका गायत्री और मनोरमा ने सभी को योग के महत्व बताने के साथ ही अलग-अलग आसन भी कराए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह, रिंकू सिंह, हरे राम, अशोक कुमार सोनकर, चंद्र प्रकाश, सुधाकर सिंह, उमेश, हरिकेश, रोहित कुमार, बृजेश कुमार, सर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### योग से स्वस्थ होता है शरीर : गगनदीप सिंह


योगाभ्यास करते बीडीओ गगनदीप सिंह व अन्य। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर लालगंज खंड विकास कार्यालय, तहसील कार्यालय सहित अन्य विभागों और कॉलेजों में योगाभ्यास के कार्यक्रम संपन्न हुए हैं। तहसील में एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे और अन्य लोगों ने योगाभ्यास किया। खंड विकास कार्यालय में बीडीओ गगनदीप सिंह के नेतृत्व में बहुत ही सुंदर ढंग से लोगों ने योगाभ्यास किया। बीडीओ गगनदीप सिंह ने कहा कि योग हमारी सनातन और सांस्कृतिक विरासत का मिला जुला संगम है। योग से जहां लोगों का शरीर स्वस्थ रहता है। वहीं मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। अंबारा इंटर कॉलेज में शिक्षक देवेश अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य स्वामीनाथ सहित अन्य शिक्षकों ने भी योगाभ्यास किया।

### प्रतियोगिता में छात्राओं ने हुनर का किया प्रदर्शन


योगासन पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के साथ शिक्षकगण।

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर के राजा रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें प्रश्नोत्तरी, भाषण, रंगोली, योगाभ्यास और ऑनलाइन स्तर पर स्लोगन, निबंध, चित्रकला एवं योगासन की प्रतियोगिताएं हुई। इसमें छात्राओं ने अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली, केवी सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवानंदपुर, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, लाल ऋषि कन्या इंटर कॉलेज, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, जूनियर हाईस्कूल चक अहमदपुर, राजकीय इंटर कॉलेज अटौरा बुजुर्ग एवं बेसिक विभाग के कई विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक सुनीता सिंह उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली, संतोष कुमार प्रवक्ता डायट और सहयोगी के रूप में आशुतोष कुमार तिवारी, शिव शरण सिंह, रेनू शुक्ला, नीतू गुप्ता, मोहम्मद शोएब आदि शामिल रहे। योग नोडल अधिकारी माध्यमिक शिक्षा रायबरेली ने बताया कि प्रतियोगिता में 150 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शन के आधार पर जल्दी उनके परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्हें आने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

### मां महामाई की पूजा-अर्चना को उमड़े श्रद्धालु

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के धूरेमऊ गांव में मां महामाई की पूजा अर्चना के लिए दूरदराज से लोगों का जमावड़ा लगा रहा। सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़ों की धुन के बीच मां महामाई की स्थापना की। सभी ने उन्हें भोग अर्पित किया। रास्ते में मां महामाई के जयकारे गूंजते रहे। धूरेमऊ गांव के शिवेंद्र प्रसाद दीक्षित ने बताया कि करीब डेढ़ सौ साल पहले गांव में महामारी आ गई थी। इससे काफी संख्या में जन हानि हुई तो ग्रामीणों ने महामारी से बचाव के लिए महामाई की पूजा का आयोजन किया। इसके बाद पूजन का यह सिलसिला अनवरत चलता चला आ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंदिर में सात दिन तक हवन होते रहे। मां को अर्पित करने के लिए अलग-अलग भोग बनाया जाता है। आज मिट्टी के घड़े के ऊपर माता की मूर्ति की स्थापना कर विधि विधान से ओमप्रकाश माली को दी गई। माली गांव के मुन्नू तिवारी को मूर्ति देते हैं। इसके बाद ढोल नगाड़ों के बीच मूर्ति को गांव की परिक्रमा कराई जाती है। बाद में मुन्नू तिवारी मंदिर में मूर्ति की स्थापित कर देते हैं। आचार्य बचान, अश्वनी तिवारी, मयंक तिवारी, ओमप्रकाश, नन्हकऊ ने मूर्ति की विधि विधान से स्थापना कराई। इसके बाद सभी ने रोटी, दाल, कढ़ी, दही, बड़े चावल का प्रसाद ग्रहण किया।


मां महामाई की स्थापना के बाद पूजा अर्चना करने के लिए लगी लोगों की कतार।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दु:ख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

# पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

> रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

## प्रसंगवश

# समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

# असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं



प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

> उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुईं है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुईं दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्गम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्कत हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

## सोशल फोरम

# देशभक्ति और विचारधारा

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# मगर चेत कौन रहा है

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

# चर्चा में फ्लैप्स

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की और धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति एवं गोवर्धन सेल की बैठक आज

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया है कि जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति एवं गोबर्धनसेल की बैठक 17 जून को सायं 4.30 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में विवेकानन्द सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है।

### राजस्व कार्यों तथा कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक 23 जून को

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि राजस्व कार्यो तथा कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 जून को अपरान्ह चार बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार, कलेक्ट्रट में आयोजित की गई है।

### ब्लॉक सभागार में कृषि विभाग की गोष्ठी संपन्न

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लाक सभागार में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि निवेश मेला, सूचना तंत्र मे सुधार करने व कृषि संबंधित सूचनाओं, ससमय नवीन तकनीक के साथ कृषि के प्रति किसानों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने फीता काट कर कृषि गोष्ठी का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग द्वारा लगाये गए विभिन्न स्टालों का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने कहा किसानों की स्थिति सुधारना सरकार की पहली प्राथमिकता है। कृषि परिजयोजना अधिकारी ने बीजों पर सरकारी अनुदान तथा सरकारी खर्चे पर कृषकों के अन्य राज्यों में जाकर प्रशिक्षण लेने के विषय में जानकारी दी।

# पत्नी की मौत के बाद उसी की साड़ी से पति ने लगाई फांसी

## पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला शव, जांच-पड़ताल शुरू

**संवाददाता हरदोई**

**अमृत विचार।** युवक ने अपने कमरे में पत्नी की साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला। कहा जा रहा है कि पत्नी की मौत के बाद वह शराब पीने लगा था और उसी के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

बताया गया है कि मल्लावां कोतवाली के काज़ीटोला मिर्ज़ापुर निवासी मूलचंद्र के दो बेटों में 35 वर्षीय बड़े बेटे अखिलेश ने रविवार की रात अपने कमरे में फांसी लगा ली। इसका पता होते ही वहां कोहराम बरपा हो गया। यूपी-112 पर काल करने पर वहां पहुंची पुलिस ने कमरें का दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला। पिता छोटे लाल जो कि रिटायर होमगार्ड है, ने बताया कि उसका छोटा बेटा संजय है। अखिलेश मेहनत-मज़दूरी करता था। करीब नौ साल पहले उसकी पत्नी सुशीला की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद से वह शराब पीने लगा था। अखिलेश के दो बेटे व एक बेटी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### पति सोता रहा और पत्नी ने कर ली आत्महत्या

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रात का खाना खाने के बाद पति-पत्नी कमरें में सोने चले गए, पति सो गया और पत्नी ने वही अपनी साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। पुलिस का कहना है कि फिलहाल कोई आरोप सामने नहीं आया है, तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि कोतवाली देहात के अटवा असिगांव निवासी दयाशंकर की साल 2005 में बेहटा गोकुल थाने के सैदपुर की 38 वर्षीय सुनीता पुत्री राम औतार के साथ हुई थी। जैसा कि पति दयाशंकर का कहना है कि बच्चे न होने पर उसने काफी इलाज कराया, लेकिन कहीं से कुछ फायदा नहीं हुआ, उसी के चलते सुनीता गुमसुम रहने लगी थी। रविवार की रात में खाना खाने के बाद वह कमरें में सोने चला गया, कुछ देर बाद उसकी पत्नी भी वहीं आ कर सो गई। बकौल दयाशंकर वह गहरी नींद में सो गया, सोमवार की सुबह आंख खुली तो देखा उसकी पत्नी वहीं कमरे में फांसी पर लटकी हुई थी। इसका पता होते ही वहां चीख-पुकार होने लगी। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी तरह का कोई आरोप सामने नहीं आया है, तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती लापता, आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज हाल में विवाह समारोह में शामिल होने आई एक युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार 14 जून को वह परिवार सहित कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में विवाह समारोह में सम्मिलित होने आया था। दोपहर एक बजे पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरवा किला निवासी जीशान खां पुत्र अलाउद्दीन उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पुत्री बक्से में रखी एक जोड़ी सोने की झुमकी, 100 ग्राम चांदी की पायल और बीस हजार रूपए की नगदी भी अपने साथ ले गई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।



डीएम समेत अन्य अधिकारियों को योगाभ्यास करातीं प्रशिक्षक विनीता पांडे। अमृत विचार

### योग से सीखे मानसिक व शारीरिक थकान दूर करने के तरीके

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की मौजूदगी में योगा प्रशिक्षक विनीता पांडे ने योगा के माध्यम से मानसिक व शारीरिक थकान को दूर करने के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कुर्सी पर बैठकर करने वाले आसनों के बारे में बताया। उन्होंने एक जगह बैठकर हाथों व पैरों की क्रिया से सम्बंधित आसनों के बारे में बताया। जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों ने उनके साथ योगाभ्यास किया। विनीता पांडे ने सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने पेट की समस्याओं को दूर करने वाले आसनों की जानकारी दी। योगाभ्यास की समाप्ति भ्राम्बरी प्राणायाम व ऊं की ध्वनि के साथ हुई। अन्त में शांति पाठ किया गया। जिलाधिकारी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग से तन के साथ ही मन भी स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ऊर्जा मंत्री से की अघोषित कटौती बंद कराने की मांग

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** अघोषित विद्युत कटौती किए जाने पर ऊर्जामंत्री को पत्र लिखकर बंद कराए जाने की मांग की। कस्बे में भीषण गर्मी में लो वोल्टेज व अघोषित विद्युत कटौती से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने ऊर्जा मंत्री, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड हरदोई व जिलाधिकारी को पत्र लिखा। कहा कटौती से हाल बेहाल है। चैयरमेन ने कहा कि इस भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्र व कस्बे की जनता परेशान है। सरकार का ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे विद्युत सप्लाई का निर्देश है जो जनता को नही मिल रही है।

# प्लेटफार्म तीन पर लगा वाटर कूलर

**खबर का असर**

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर खबर का असर हुआ है। हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर वाटर कूलर न होने की खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए मंडल रेल अधिकारियों के निर्देश पर हरदोई रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या तीन पर वाटर कूलर को लगाकर चालू कर दिया गया है। वाटर कूलर के प्लेटफार्म संख्या दो और तीन वाटर कूलर लग जाने से रेल यात्रियों को काफी राहत मिली है। गर्मी में प्लेटफार्म पर मौजूद रेल यात्रियों व ट्रेन से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को अब ठंडे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। यात्रियों ने अमृत विचार का आभार जताया।



प्लेटफार्म पर लगा वाटर कूलर।

### प्लेटफार्म निर्माण के चलते हटाया गया था

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्लेटफार्म पर चल रहे निर्माण के चलते लगे वाटर कूलर को हटा दिया गया था, लेकिन प्लेटफार्म बनने के बाद भी रेल अधिकारियों ने वाटर कूलर को लगाने की जहमत नहीं उठाई थी। अमृत विचार द्वारा शनिवार को रेल यात्रियों को भीषण गर्मी में हो रही असुविधा की खबर को प्रकाशित किया था जिसके बाद अफसरों ने रविवार को प्लेटफार्म संख्या तीन पर नया वाटर कूलर लगाने के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या चार व पांच पर लगा वाटर कूलर को प्लेटफार्म संख्या तीन पर लगा दिया है। प्लेटफार्म नंबर तीन पर ट्रेनों का लखनऊ की ओर जाने के लिए ठहराव होता है। ऐसे में अब वाटर कूलर लग जाने से रेल यात्रियों को अब काफी राहत मिल रही है।

# पंखा ठीक कर रहे युवक की करंट से मौत

**घटना**

▸▸ मझिला थाने के ढ़किया गांव में हुआ हादसा, परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** घर में पंखा ठीक कर रहे युवक को करंट लगा और वह बेहोश हो गया। घर को कुछ पता ही नहीं चला, वह काफी देर वहीं पड़ा रहा और दम निकल गया। घर वाले पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बताया गया है कि मझिला थाने के ढ़किया गांव निवासी 45 वर्षीय राम औतार पुत्र रामसहाय खेती-बाड़ी करता था। घटना के बाद परिजनों में रोना-पीटना मच गया।

रविवार की शाम वह अपने कमरें में पंखा ठीक कर रहा था, उसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया, वह गिर पड़ा, लेकिन घर वालों उसका पता नहीं चला, जब तक उसके घर वाले वहां पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी, राम औतार की मौत हो चुकी थी। दो भाइयो में राम औतार बड़ा था। उससे छोटा भाई रामनिवास है। परिवार में पत्नी संतोष कुमारी और दो बेटे व दो बेटी है।

# सब्जी खरीद रहे अधेड़ की ई-रिक्शा से टकराकर मौत

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** घर के लिए सब्ज़ी खरीद रहे अधेड़ को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया, उसे वहां ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्तें में मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।



बताया गया है कि मल्लावां कोतवाली के करवा मढ़िया निवासी रामखिलावन पुत्र छोटे लाल बटाई पर खेती-बाड़ी करता था। चार भाइयो में वह बड़ा था, उससे छोटे रामलखन, राम औतार व सबसे छोटा भाई शिवशंकर है। रामखिलावन रविवार की दोपहर मल्लावां आया हुआ था, वह राघौपुर रोड पर सड़क के किनारे सब्ज़ी खरीद रहा था, उसी बीच उधर से निकला ई-रिक्शा उसे टक्कर मारते हुए निकल गया, बुरी तरह घायल अधेड़ रामखिलावन को सीएचसी मल्लावां पहुंचाया गया, लेकिन वहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया, लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। रामखिलावन के परिवार में उसकी पत्नी विमला देवी के अलावा एक बेटा व एक बेटी है।

# बाप को धक्का देने पर बेटी ने सेल्समैन पर तानी रिवॉल्वर

**संवाददाता, हरदोई, बिलग्राम**

**अमृत विचार।** पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरने के दौरान वहां सेल्समैन ने पहले तो कार में बैठे सारे लोगों को नीचे उतरवाया, लेकिन युवती कार में बैठी रही। सेल्समैन उसे भी उतरने की ज़िद पर अड़ गया, उसी से नोंकझोंक होते-होते धक्का-मुक्की होने लगी, अपने सामने बूढ़े बाप को धक्का दिए जाने से बेटी बौखला गई और कार में रखा रिवाल्वर उठा कर सेल्समैन के सीने पर तान दिया। रविवार की शाम बिलग्राम में साण्डी रोड पर पेट्रोल पंप पर हुए इस तरह के बवाल का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।



सेल्समैन पर रिवॉल्वर तानती बेटी।

जैसा कि बताया गया है कि रविवार की शाम को शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला गिगियानी निवासी बुजुर्ग एहसान खां पुत्र मोहम्मद रज़ा खां अपनी पत्नी हुस्नबानो और बेटी अरीबा के साथ कार से बिलग्राम में साण्डी रोड पर एक सीएनजी भरवाने के लिए एक पेट्रोल पंप पर पहुंचे, वहां के सेल्समैन रजनीश पुत्र नेत्रपाल ने उन सभी से कार से नीचे उतरने को कहा, एहसान खां और उसकी पत्नी हुस्नबानों तो उतर गई, लेकिन अरीबा उसी में बैठी रही। लेकिन सेल्समैन रजनीश उसे भी नीचे उतारने की ज़िद करने लगा, उसी बात पर एहसान खां और सेल्समैन रजनीश के बीच नोंकझोंक होने लगी, उसी बीच अरीबा कार से उतर कर खड़ी हो गई, लेकिन फिर भी एहसान खां और सेल्समैन रजनीश के बीच नोंकझोंक बंद नहीं हुई, बल्कि रजनीश ने एहसान खां को धक्का दे दिया, बस फिर क्या था, बूढ़े बाप को धक्का देते ही बेटी अरीबा बौखला गई और कार की तरफ दौड़ कर उसमें रखा रिवाल्वर उठा कर भीड़ के बीच पहुंची और सेल्समैन के सीने पर तान दिया। इतना होते ही पेट्रोल पंप के सेल्समैन ही नहीं बल्कि वहां खड़े दूसरे लोग भी घबरा गए। खैर किसी तरह बीच-बचाव कर बवाल टाला गया।

### डॉक्टर बनने के लिए अरीबा ने दी थी नीट परीक्षा

बिलग्राम के पेट्रोल पंप पर बूढ़े बाप को धक्का देने से बौखला कर सेल्समैन पर रिवाल्वर तानने वाली अरीबा पढ़ाई में काफी तेज़ है, वह डाक्टर बनना चाहती है, उसी लिए उसने इसी साल नीट की परीक्षा दी, लेकिन बौखलाहट में उठाया गया कदम अरीबा के फ्यूचर के लिए मुश्किल साबित हो सकता है।

# रात भर सड़क किनारे पड़ा रहा ईंट-भट्ठा मजदूर का शव

▸▸ लखनऊ रोड पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने हुआ हादसा

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाला युवक रविवार की रात सड़क पार कर रहा था, उसी बीच किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। शव सारी रात सड़क के किनारे पड़ा रहा, अगली सुबह पुलिस पहुंची, उसके बाद शिनाख्त हो सकी। बताया गया है कि सोमवार की सुबह लखनऊ रोड पर नयागांव मुबारकपुर गोंधाई में एचपी पेट्रोल पंप के सामने सड़क के किनारे एक ईंट-भट्ठा मज़दूर का शव पड़ा हुआ था, इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस के पूछताछ करने पर कुछ लोगों ने बताया कि रविवार की रात में सड़क पार करने के दौरान हादसा हुआ। गवाही या फिर दूसरे पचड़ो से बचने के लिए किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। पुलिस के पहुंचने पर शव की शिनाख्त प्रतिपाल पुत्र बालकराम निवासी चक कोतवाली देहात के रूप में हुई। प्रतिपाल गोंधाई के ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता था। उसके एक बेटा अतुल व एक बेटी पायल है, पत्नी वीरमती करीब 12 साल पहले उसे छोड़ कर कहीं चली गई थी। तीन भाइयो में अनिल बड़े और शिवकेंद्र छोटा भाई है।

# किसान आश्रितों को दी आर्थिक मदद

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने स्वामी विवेकानंद सभागार मे आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में आश्रित किसान परिवारों को सहायता राशि प्रदान कर, आपदा के शिकार हुए किसान परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिकाध्यक्ष सुखसागर मिश्र, जिलाधिकारी अनुनय झा, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, प्रशासनिक अधिकारी और आश्रित किसान परिवार उपस्थित रहे।



सहायता राशि का चेक देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

**शाहाबाद संवाददाता** के अनुसार तहसील सभागार में सोमवार को दोपहर तीन बजे से चार बजे तक मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सहायता राशि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख शाहाबाद, पिहानी और टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 76 लाभार्थियों को सहायता राशि की चेकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम तान्या सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार शाहाबाद और सिरोमन नगर, लेखपाल कानूनगो सहित लाभार्थी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उप्र उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई हुआ गठन

**संवाददाता, संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित और जिला संगठन मंत्री अभिमन्यु गुप्ता की अध्यक्षता में नगर संडीला की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई का गठन किया गया। संडीला में आयोजित बैठक में नगर इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें नगर अध्यक्ष दिनेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सियाराम गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रखर गुप्ता, आकाश पांडेय, मनीष गुप्ता, महामंत्री बबलू कुमार, कोषाध्यक्ष अक्षित गुप्ता, नगर संगठन मंत्री राम सिंह राजपूत, संगठन मंत्री शुभम् गुप्ता, आदर्श गुप्ता को मनोनीत किया गया। सभी ने एकदूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक कमलेश, विष्णुदयाल शुक्ला, डॉ. अनुराग त्रिपाठी, अतुल यादव, अश्वनी अवस्थी सहित नगर के अन्य व्यापारीगण और गणमान्य जन मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ ही प्राथमिक विद्यालयों में बताएं गुड टच व बैड टच

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सबसे पर सभी परियोजना अधिकारियो से उनके आँगनबाड़ी केन्द्रों पर किये गए नवाचारों की जानकारी ली। सभी सीडीपीओ ने उठाये गए क़दमों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सीडीपीओ हरियावा, हरपालपुर व भरखनी अनुराग द्वारा केंद्रों पर सत्तू व चिक्की शुरू करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास का मापन किया जाये। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में गुड टच व बैड टच के बारे में बताया जाये। जेन्डर शिक्षा दी जाये। इसके लिए एक पाठ्यक्रम विकसित किया जाये। बच्चों को संवेदीकृत किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह बच्चों का नेल कटर से नाखून काटा जाये। बच्चे को साफ रखा जाये। केन्द्र पर सुई धागा आदि की व्यवस्था रखी जाये जो बच्चों की शर्ट के बटन ठीक करने के काम आएं। पोषण ट्रैकर ऐप पर फीडिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये। कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ पंचायत सहायकों की ड्यूटी लगायी जाये। लापरवाह कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अजात बने विभाग संयोजक



**संवाददाता, पिहानी, हरदोई अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग एससीपीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हारीपुर गोंडा में संपन्न हुआ। जिसमें पिहानी के अजात बाजपेई को हरदोई से हरदोई विभाग का विभाग संयोजक बनाने की घोषणा की गई। अजात पूर्व में नगर सह मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला सह सयोंजक हरदोई रह चुके हैं। अजात ने कहा कि सन 2019 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम कर रहा हूं निरंतर विद्यार्थी परिषद के लिए काम करते रहेंगे।

### कछौना स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत



सीएचसी में निरीक्षण करतीं महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह। अमृत विचार

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार सुबह करीब 11 बजे राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वरिष्ठ लिपिक राजेश सिंह के साथ महिला वार्ड का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया। कलौली निवासी अनीता पत्नी अनिल के प्रसव के दौरान नवजात की मृत्यु हो गई। एएनएम ने मृत बच्चे को मां को नहीं दिखाया, जिस पर आयोग सदस्य ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त गंदगी को देखकर एकता सिंह भड़क उठीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। अन्य समस्याओं को नोट करने के बाद वह हरदोई के लिए रवाना हो गईं।

### मारपीट के मामलों में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहमद नगर निवासी शीबू पुत्र हेतराम के अनुसार सोमवार सुबह करीब दस बजे विपक्षी रामजीत पुत्र राम भरोसे ने वेदराम पुत्र नत्थूलाल, रामेंद्र और रामवीर पुत्रगण जगदीश के साथ मिलकर पुरानी रंजिश उसके पिता, मां और भाई सुनील को गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने माता, पिता और भाई को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। गांव वालों के आने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरौरी निवासी स्वामी दयाल पुत्र छोटेलाल के अनुसार 13 अप्रैल को उसके सगे भतीजे रविंद्र पुत्र स्वराज ने अपने भाई कुलविंदर के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था। विपक्षियों ने रिपोर्ट दर्ज न करवाने के बदले इलाज करवाने के लिए बोला था। दो माह से उसका इलाज चल रहा है। विपक्षियों ने उसकी दवा नहीं करवाई। पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।



विजयी पिताओं को ट्रॉफी के साथ विद्यालय का परिवार। अमृत विचार

### सेंट जेवियर स्कूल ने धूमधाम से मनाया फादर्स डे

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** सेंट जेवियर हाईस्कूल ने फादर्स डे को उत्साह के साथ मनाया। इस आयोजन का नाम "डैडवेंचर" था, जो एक मजेदार दिन था, जिसमें पिताओं और बच्चों को एक साथ लाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन और प्रधानाचार्या मैम ने दीप जलाकर किया। बच्चों ने अपने पिता के साथ आग के बिना खाना पकाना प्रतियोगिता में भाग लिया। रैंप वॉक में पापा और बच्चों ने समान ड्रेस कोड में पिता-बच्चे के बंधन का एक आकर्षक प्रदर्शन किया। कोन पकड़ना खेल में कौशल और टीम वर्क का एक रोमांचक प्रदर्शन किया गया। देवेश कुमार शुक्ला, सरोज कुमार मिश्रा, विवेक मिश्रा, सुमित श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह, दुर्गेश शर्मा, अजीत बाजपाई, अखिलेश कुमार धंगार और सियाराम गुप्ता प्रतियोगिताओं के विजेता रहे। प्रधानाचार्या मैम और चेयरमैन ने विजयी पिताओं को ट्रॉफी प्रदान की, जिससे उत्सव में और भी रोमांच आया। डैडवेंचर कार्यक्रम अत्यधिक सफल रहा, जिससे पिताओं और बच्चों के बीच के बंधन को मजबूत किया गया।

# एप्टेक-11 ने फाइनल में बनाई जगह

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में नवयुग सेवा संस्थान लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को दूसरा मैच एप्टेक कंप्यूटर-11 और श्री खाटू श्याम चेरिटेबल ट्रस्ट-11 के बीच खेला गया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाज़ी करते हुए एप्टेक-11 की टीम ने 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। अप्टेक-11 की तरफ से गगन मिश्रा 52 रन , गोविन्द 26 रन व आकाश ठाकुर ने 23 रनों का योगदान दिया।

वहीं श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की तरफ से अरुण कुमार ने 3 विकेट , शिवांश सिंह 2 विकेट , विश्वास, कृष्णा, सत्यम व सुंदरम ने 1-1 लिया। जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की टीम ने 18.4 ओवर सभी विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी।



खिलाड़ी को दी गई ट्रॉफी। अमृत विचार

श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की तरफ से अंकुर यादव 18 रन , रितेश वर्मा 17 रन व अभिनव ने 14 रन बनाए। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि अप्टैक-11 ने इस मैच में 61 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि परफैक्ट मोबाइल्स-11 व श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 के बीच होने वाले मैच में इस प्रतियोगिता का दूसरा फाइनलिस्ट तय होगा। मैच सुबह 7 बजे से खेला जाएगा। अप्टेक-11 की तरफ से राज मिश्रा 3 विकेट, अक्षत, सोमेश अवस्थी, हिमांक, आकाश और मानस मिश्रा ने 1-1 विकेट लिया व 2 खिलाड़ी रन आउट हुए। मैन ऑफ द मैच राज मिश्रा रहे।

सेवानिवृत्त वन कर्मी राकेश कुमार सिंह ने ट्रॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया।राज मिश्रा ने गेंदबाज़ी करते हुए 3 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। मैच में अंपायरिंग मोहन कश्यप व शिवम मिश्रा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। मैच के दौरान नवयुग सेवा संस्थान के सचिव शिवम अवस्थी, आकाश त्रिपाठी तथा राधा कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में भाई-बहन की मौत, पिता पर आरोप

## पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रम्मआ खेड़ा गांव का मामला, माता-पिता ने एक-दूसरे पर लगाए बच्चों की हत्या के आरोप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


घटना के बाद बैठा गमगीन बच्चों का पिता।


बच्चों की मौत पर बिलखती मां और परिजन। अमृत विचार


जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम।

**अमृत विचार:** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रम्मआ खेड़ा गांव में सोमवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच उनके ढाई साल के बेटे और छह माह की बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति ने पत्नी पर बच्चों को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। वहीं पुलिस की जांच बच्चों की हत्या में उसके पिता की संलिप्तता की ओर इशारा कर रही है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद शव मोर्चरी भेजे गए हैं। पीएम रिपोर्ट में मौत का सही कारण सामने आयेगा।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत रम्माखेड़ा गांव निवासी रोहित गौतम (33) पुत्र स्व. अमृतलाल की शादी कस्बा के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी नेहा से हुई थी। उनके बच्चों में ढाई साल की सोनाक्षी व छह माह का बेटा रितिक था। बीते 10 दिन पूर्व पति से विवाद के बाद बच्चों को पति के पास छोड़कर नेहा मायके चली गई थी। पति के मुताबिक सोमवार सुबह 8 बजे उसने पत्नी को भाभी रंजीता के मोबाईल से फोन कर घर लौटने को कहा लेकिन वह तैयार नहीं हुई। उसने घर से 1 किमी दूर अपने खेत पर आने की बात कही। पति ने बताया कि 9 बजे उसकी पत्नी अपनी बहन निकिता के साथ खेतों पर पहुंची। जहां पेड़ के नीचे पति ने दोनों बच्चों को मां की गोद में दिया और आपस में बातचीत करने लगे। इसी दौरान रोहित गौतम अपने धान की नर्सरी में चर रही भैंस को खदेड़ने चला गया। थोड़ी देर बाद नेहा बच्चे पति को सौंप कर लौट गई। पति का आरोप है कि पत्नी के जाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ गई। वह उन्हें परिजनों के साथ एक निजी चिकित्सक के यहां ले गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पति ने पत्नी पर बच्चों को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना पर पुरवा कोतवाली पुलिस व सीओ सहित अन्य अफसर पहुंचे और जांच की। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जिसने गहनता से जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस की टीम ने पत्नी से पूछताछ की और कई घंटों की जांच के बाद पुलिस को पति की बताई पूरी कहानी मनगढ़ंत लगी है।

### पुलिस को पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार

सूत्र बताते हैं कि पुलिस का पति पर भी शक गहराता जा रहा है। हालांकि अभी पुलिस अफसर पति और पत्नी पर एक दूसरे पर बच्चों की हत्या किए जाने आरोपों की ही बात कह रहे हैं। लेकिन काफी हद तक पुलिस का शक पिता पर है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। मंगलवार को पीएम रिपोर्ट आने पर स्थित और साफ होगी।

# हैंडपंप में उतरे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** हैंडपंप में पड़ी पानी की मोटर चालू करते करंट की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अजगैन कोतवाली अंतर्गत राजाबाग चौकी क्षेत्र के बख्तौरी खेड़ा गांव निवासी विटाना देवी (45) पत्नी छोटेलाल गांव में मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी कर जीविका चलाती थी। ग्रामीणों के अनुसार उसका पति मानसिक बीमार है। जिसका वह इलाज करा रही थी। सोमवार सुबह वह खेत से काम निपटाकर घर लौटी और घर के पास एक किराना की दुकान से नमकीन लाकर चाय नाश्ता करने के बाद घर में लगे हैंडपंप में पड़ी पानी की मोटर को चालू करने के लिए तार बोर्ड में लगा रही थी। तभी वह हैंडपंप में उतरे करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। उसके चार बेटो में तीन पंजाब प्रांत में मजदूरी करते हैं। घर में छोटा बेटा और बेटी रहते हैं। परिजनों की सूचना पर बेटे घर के लिए निकले हैं।

# विद्यालय में पड़ा मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मी का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका**

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक बालिका इंटर कालेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मी का शव विद्यालय में संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोती नगर मोहल्ला निवासी पंकज सिंहा (50) पुत्र विश्वेश्वर नाथ शहर के जवाहर नगर मोहल्ला स्थित रानी लक्ष्मीबाई बालिका इंटर कालेज में चतुर्थ श्रेणी का कर्मी था। वह विद्यालय में रहकर नाइट ड्यूटी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। इसी नाते वह घर से कम ही मतलब रखता था। वह शराब का लती था। शनिवार को वह घर से विद्यालय आया था। सोमवार सुबह दिन में ड्यूटी पर तैनात कर्मी विद्यालय पहुंचा तो पंकज का शव पड़ा देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर विद्यालय स्टाफ पहुंचा और पुलिस को इसकी सूचना दी। उसके मुंह से खून भी निकल रहा था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। वह तीन भाइयों में अनुज व अनूप से बड़ा था। परिजनों ने अधिक शराब पीने से मौत होने के कयास लगाए हैं। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### फंदे से लटका मिला रोजगार सेवक का शव, मचा कोहराम

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दसदान निवासी रोजगार सेवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कानूनी पचड़े से बचने के लिए परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव दसदान निवासी देवेंद्र कुमार (45) पुत्र भगवानदीन रोजगार सेवक था। रोज की तरह वह बीते रविवार खाना खाने के बाद परिजनों संग लेटा था। देररात परिजन जब गहरी नींद में सोए थे तभी देवेंद्र उठकर कहीं चला गया। घर के मुखिया को अपने बीच न पाकर पत्नी व बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन रात से ही खोजबीन में जुट गए। लेकिन देवेंद्र का कहीं भी सुराग नहीं लगा। सुबह होने पर ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव के बाहर एक पेड़ की डाल में देवेंद्र का शव फंदे पर लटका है। यह सुन परिजनों में कोहराम मच गया। इससे पत्नी शिवाकांती पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। देवेंद्र अपने पीछे पत्नी व चार मासूम बच्चों को बिलखता छोड़ गया है। ग्रामीणों की मानें तो बीते 9 माह से देवेंद्र को मानदेय नहीं मिला था। जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

## सार-संक्षेप

### गर्मी से गश खाकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शुक्लागंज, अमृत विचार :** सोमवार सुबह काम पर जा रहे एक युवक की तेज धूप में गश खाकर गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चम्पापुरवा निवासी दिनेश निशाद (35) पेशे से पेंटर था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह रोज की तरह काम पर निकला था। इसी दौरान तेज धूप और गर्मी के कारण वह रास्ते में ही अचानक गश खाकर गिर पड़ा। आस-पास के लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे आनन-फानन में हैलट अस्पताल, कानपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया लेकिन दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री और दो पुत्रों को छोड़ गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छत से गिरकर युवक की मौत, परिजन बेहाल

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की नगर पंचायत न्योतनी के मोहल्ला बाल्मीकि नगर निवासी नीरज रावत (45) पुत्र महेश रोज की तरह अपने घर की छत पर सो रहा था। रविवार रात वह लघुशंका करने उठा तो अंधेरे में छत के नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुन परिजनों ने उसे घायल अवस्था में ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना से मां शांति, पत्नी नीशू, बच्चे आराधना, अमन, आरुष का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मदार नगर निवासी रघुनंदन का 22 वर्षीय बेटा संदीप सोमवार शाम गृह कलह के चलते आत्महत्या करने के इरादे से घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटक गया। तभी परिजनों की उस पर निगाह पड़ गई। परिजनों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक सवार युवकों ने पीएसी के जवान का छीना मोबाइल

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** फतेहपुर चौरासी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर जाने आए पीएसी के जवान का तीन बाइक सवार युवक मोबाइल छीन कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के एक युवक को बाइक सहित पकड़ लिया है। उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है। बता दे कि 38वीं बटालियन पीएसी में तैनात सिपाही रमन चौधरी फतेहपुर चौरासी थाना के काली मिट्टी स्थित पीटीसी में ट्रेनिंग करने के रविवार रात साथी आरक्षी पंकज बघेल के साथ ट्रेन से उन्नाव जंक्शन आया। जहां से वह सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रकाश गेस्ट हाउस के पास पीटीसी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। देर होती देख रमन ने इसकी सूचना देने के लिए अपने मोबाइल से बात कर रहा था। तभी बाइक पर सवार तीन युवक आए और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। आरक्षी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले। देररात तक जांच में जुटी रही पुलिस को रात में ही युवकों का सुराग बाइक नम्बर से लग गया। जिसके बाद पुलिस ने दही थानाक्षेत्र के लोधनहार मोहल्ला से अमित पुत्र फूलचंद लोधी को उसके घर से दबोच लिया। वहीं से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली। युवक ने अपने साथियों के नाम भी कबूल दिए है। जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया आरक्षी की तहरीर पर मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कर एक युवक को पकड़ा गया है। बाइक भी बरामद हुई है। उसके साथियों की तलाश जारी है।

# शराब ठेके के बगल में पड़ा था उन्नाव के राजमिस्त्री का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत का कार्य कर रहे उन्नाव के राजमिस्त्री का शव शराब ठेके के बगल में निर्माणधीन भवन में पड़ा देखा गया,इसका पता होता ही वहां भीड़ लग गई। राजमिस्त्री की मौत को ले कर लोगों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं हैं,वही पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि सोमवार की सुबह कासिमपुर थाने के ज़ाहिदपुर गांव के शराब ठेका के पास एक निर्माणाधीन भवन में शव पड़ा होने की सूचना पर वहां पहुंचे एसएचओ कासिमपुर आदित्य मौर्य ने पड़ताल करते हुए उसकी शिनाख्त कराई। शव उन्नाव ज़िले के गोसाई खेड़ा गांव निवासी जमुना जोकि राजमिस्त्री था। जमुना पिछले कई दिनों से कासिमपुर थाने के तुरनादेव गांव में ग्राम पंचायत का कार्य में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। जैसा कि गांव वालो.ने बताया कि रविवार को बारिश होने से कार्य रोक दिया गया था,उसके बाद वह अपने घर रवाना हो गया था लेकिन उससे पहले वह ज़ाहिदपुर पहुंचते ही शराब ठेके पर शराब पी थी। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### कहासुनी में पत्नी ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**मल्लावां, हरदोई।** बावटमऊ गांव पति से विवाद के बाद में नवविवाहित पत्नी ने जहर खा लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचायत नामा करवाया है। जनपद कानपुर नगर के थाना बिल्हौर अंतर्गत गांव मतलबपुर जुलहा निवासी हरिश्चंद्र पुत्र कन्हैया लाल ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरी पुत्री खुशबू की शादी 6 मार्च को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार रिंकू पुत्र हरीराम निवासी खालेपुरवा बाबटमऊ के साथ हुआ था। खुशबू का 6 जून को पति के साथ विवाद हो गया तो उसमें घर पर जहर खा लिया। जिसको जिला अस्पताल कन्नौज के मेडिकल कॉलेज व कन्नौज व कानपुर के विभिन्न अस्पतालों में दिखाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष बालेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उमस ने बढ़ाई आमजन की परेशानी


दोपहर में स्टॉल लगाकर जाती बालिका व उसकी मां। अमृत विचार

**तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| दि. | न्यून. | अधि. | हवा (किमी/घंटा) |
|---|---|---|---|
| 16 जून | 24.5 | 35.0 | 1-2 |
| 15 जून | 23.5 | 36.0 | 4 |
| 14 जून | 29.0 | 38.5 | 4 |
| 13 जून | 30.0 | 38.5 | 6 |

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रविवार की रात से ही बादल छाए रहने से भीषण गर्मी के चलते लोगों को परेशान कर दिया। सोमवार की सुबह से आसमान में काली घटाएं देखने को मिली, जो दोपहर बाद धूप निकली। दो दिन पहले हुई कुछ बारिश ने गर्मी से तो राहत दी, लेकिन उमस से लोगों की नींद उड़ा दी। बताते चलें कि पिछले कई दिनों से गर्मी व धूप अपने चरम पर थी, लेकिन गर्मी से दो-तीन दिनों से गर्मी से कुछ राहत तो मिली, लेकिन उमस ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई, जिससे फसलें अच्छी पैदावार होंगी। एक ओर जहां तालाब सूखे पड़े थे, वहां पर पशु-पक्षियों के पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए उपलब्ध हो जाएगा। प्रभारी मौसम वेधशाला के अनुसार सोमवार का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्शियस रहा। मौसम में आर्द्रता सुबह 89 प्रतिशत व शाम 67 प्रतिशत रही।

# लूट मामले में पुलिस ने 4 आरोपितों को गिरफ्तार कर रवाना किया जेल

**सफलता**

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने मंझिला पुल के निकट हुई एक लूट पाट के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। अभियुक्तों के पास से 25 हजार की नकदी और एक बाइक भी बरामद हुई है। सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

शाहाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान पुलिस ने आकाश पुत्र हरनाम, धीरु उर्फ अतर सिंह पुत्र राजेश, रोहित पुत्र हरिश्चंद्र एवं शिवम पुत्र हेमराज सर्व निवासी रतनपुर थाना मंझिला को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने 26 मई 2025 को मंझिला पुल के निकट हुई लूटपाट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। युवकों के पास से एक मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा 315 बोर तथा दो जीवित कारतूस बरामद हुए।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने रविवार की शाम बताया पकड़े गए अभियुक्तों को डॉक्टरी परीक्षण के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, हरदोई


पीस कमेटी की बैठक करते एसएचओ विद्यासागर पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम को लेकर पिहानी में की जा रहीं तैयारियों के बीच हुई पीस कमेटी की बैठक में जहां कानून व्यवस्था को बनाए रखने पर ज़ोर दिया गया, वहीं जुलूस वाले रास्तों पर गंदे पानी के ठहराव,फैली हुई गंदगी और बिजली के झूलते हुए तारों पर बात हुई। एसएचओ पिहानी विद्यासागर पाल ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल होना ज़रूरी है,उन्होने अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा और शांति पूर्वक तरीके से ताज़िएदारी करने को कहा।

एसएचओ पाल ने शांतिपूर्वक माहौल बनाए रखने को कहा,उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने पर ज़ोर दिया,साथ ही साफ किया कि कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। ताजियों की ऊंचाई निर्धारित सीमा में ही रखनी होगी। पुलिस के मुताबिक मोहर्रम के कुल 68 जुलूस हैं। जिनमें से 7 वीं,9 वीं और 10 वीं के जुलूस खास होते है,जिन पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। जुलूस निकालने में पुलिस का साथ देने की बात कहते हुए बताया कि वॉलिंटियर्स बनाए जाएंगे वह उनको पहचान पत्र जारी किया जाएगा। शिया समुदाय के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर गंदे पानी का जल भराव व सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाएं। इस बीच गोपाल कृष्ण अवस्थी ने समस्या का समाधान करने का दावा किया। देहलिया के आलिम ने कहा कि सड़क पर लोग कूड़ा डाल देते हैं। जिससे जुलूस निकालने में दिक्कत होती है। महमूदपुर सरिया के छन्नू ने बिजली के झूलते हुए जर्जर तारों को ले कर जुलूस को खतरा होना बताया। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त करेगी। शिया समुदाय के मीशम मिर्जा, सैफ हसन जैदी, चांद बाबू, अय्यूब, आरिफ, इमरान, ताहिर, जफर अली, मोहम्मद, शोजू व आरिफ आदि से जुलूस के बारे में एसएचओ ने जानकारी ली। नगर पालिका परिषद के गोपाल कृष्ण अवस्थी, एडीओ पंचायत, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, विमलेश तिवारी, नन्हे सिंह अंबारी, गुलशन जोशी, पिंटू मिश्रा आदि रहे।

# उन्नत कृषक को जनपद में करें प्रोत्साहित : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कृषि विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नत कृषि को जनपद में प्रोत्साहित किया जाये। जनपद में एफपीओ के माध्यम से फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाये। कम से कम पांच एफपीओ को फूलों की खेती के लिए तैयार किया जाये। इन एफपीओ को सरकार की पॉलीहाउस योजना से आच्छादित किया जाये। जनपद में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिया जाये। उन्होंने कहा कि शिमला मिर्च व काला गाजर को प्रोत्साहित किया जाये ताकि किसानों की आय बढ़ सके। खाद्य प्रसंस्करणको बढ़ावा दिया जाये। केले के किसानों को छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिये प्रोत्साहित किया जाये। मटर के विपणन व प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाये। प्रतिदिन जनपद में खाद की उपलब्धता की सूची प्रेषित की जाये।


धरने को संबोधित करते भाकियू नेता। अमृत विचार

### जनसमस्याओं को लेकर भाकियू का धरना

**अतरौली, हरदोई।** कस्बे के जंगली शिव मंदिर पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कई जनसमस्याओं को उठाया। उन्होंने बताया कि भरावन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गईं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायतों में बने अधिकतर सामुदायिक शौचालय जर्जर हालत में हैं। क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार और लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। नायब तहसीलदार एजाज अहमद ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। बीडीओ सुरेंद्र राणा ने कहा कि हर पंचायत की समस्याओं का समाधान संबंधित पंचायत सचिव के माध्यम से कराया जाएगा।

# 7:45 से 12:30 तक खुलेंगे स्कूल

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार ने 30 जून तक परिषदीय स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय में बदलाव किया है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जारी चिट्ठी में कहा है कि सरकार ने परिषदीय स्कूलों में 30 जून तक छुट्टियां बढ़ा दी है,लेकिन शिक्षक,शिक्षा मित्र,अनुदेशक और शिक्षणोत्तर कर्मियों को शासकीय कार्य निपटाने के लिए उन्हे स्कूल में मौजूद रहने का आदेश दिया था। सचिव श्री तिवारी ने कहा है कि शिक्षक,शिक्षा मित्र अनुदेशक और शिक्षणोत्तर कर्मियों के लिए स्कूलों का समय सुबह 7 : 45 से 12:30 तक रहेगा। समय का बदलाव 30 जून तक के लिए किया गया है।

# परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव : यमुना प्रसाद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** संविलियन विद्यालय, सिकंदरपुर कल्लू में आयोजित शिव सत्संग मण्डल के आंचलिक धर्मोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता व भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है। एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर रहे। धर्मोत्सव में शाहजहांपुर के जिला प्रमुख डॉ कालिका प्रसाद ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल समाज में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहा है। ध्यान और भजन से मानसिक शांति मिलती है, जो सफल एवं सुखद मानव जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज में चेतना जागृत करके हमें अपने जीवन में विकारों को त्याग कर परमपिता परमात्मा से सच्चा प्रेम और समर्पण रखना चाहिए। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने बताया कि शिव, चेतना की जागृत, निद्रा और स्वप्न अवस्था के परे हैं। शिव समाधि हैं - चेतना की चौथी अवस्था, जिसे केवल ध्यान में ही प्राप्त किया जा सकता है। समाधि में मन पूरी तरह समभाव में रहता है। यह एक ही समय में शांत भी है और पूरी तरह जागरूक भी। रवि वर्मा एवं डॉ अजय पाल सिंह के संयुक्त संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ प्रमुख प्रचारक प्रेम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बहन बेबी की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ। समापन पर सभी सत्संगी बन्धुओं और बहनों ने रोजाना ब्रह्ममुहुर्त में उठकर परमेश्वर का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।

# पुनीत सिंह बने एबीवीपी के जिला संयोजक

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुनीत सिंह भोलू को जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया है। वह जिले के बावन ब्लॉक के ग्राम पहेलिया मानपुर के हैं और उन्हें विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन में इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना गया है। वह एक प्रतिभाशाली और सक्रिय छात्र नेता हैं। उन्होंने अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों से ही छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण उन्हें एबीवीपी में विभिन्न भूमिकाओं में काम करने का अवसर मिला है। पुनीत सिंह ने कहा कि वह जिले में छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करेंगे। वह छात्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने के लिए काम करेंगे। छात्रों के हित के लिए किस भी हद तक जाना पड़े अधिकारीयों के चेयम्बर हो या सड़क आंदोलन की आवश्यकता होंगी वो भी किये जाएंगे।



# नाबालिग को बहलाकर ले जाने का आरोपी पकड़ा गया

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बृजभान पुत्र जमुना प्रसाद जलालपुर गांव का रहने वाला है। मामला 16 जून 2025 का है। पीड़िता के पिता ने बिलग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बृजभान उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पर धारा 64 (1) बीएनएस के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 भी लगाई गई।बिलग्राम थाने के उप-निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल अभिषेक तोमर और कांस्टेबल अतुल चौधरी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।



# दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों की रहने वाली दो विवाहिताओं ने ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी निवासी बबली पुत्री सर्वेश के अनुसार दो वर्ष पूर्व उसका विवाह पाली थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़रामऊ निवासी विवेक कुमार पुत्र रामबरन के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने करीब सात लाख रुपए खर्च किए थे। विवाह के एक वर्ष बाद उसके कोई बच्चा न होने पर पति और सास संतोषी आए दिन उसका उत्पीड़न करने लगे। विपक्षी अतिरिक्त दहेज में उसके पिता से जमीन का बैनामा करवाने की मांग करने लगे। 10 जून को उसका पति उसे मायके में छोड़ गया।14 जून को उसकी सास ने फोन कर कहा उसके इलाज करवाने के लिए पिता से कुछ जमीन का बैनामा पति के नाम करवा दो या एक लाख रुपए नगद दिलवा दो। उसने आर्थिक स्थिति का हवाला देकर मना कर दिया। 14 जून को ही दोपहर में तीन बाइक पर उसके ससुर,पति, सास, जगपाल,कल्लू पुत्रगण शिवदीश व दो अन्य महिलाएं उसके घर आए और गाली गलौज कर बांझ का आरोप लगाते हुए उसे, पिता, मां प्रभू देवी, विकलांग भाई राजपाल और भाभी आरती को लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। गांव वालों के ललकारने पर विपक्षी जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। दूसरी घटना में ग्राम सुहागपुर निवासी नर्गिस के अनुसार उसका विवाह सहतियापुर निवासी आरिफ पुत्र नसीर अहमद के साथ हुआ था। अतिरिक्त दहेज में फ्रिज, कूलर, सोफा और पचास हजार रुपए की मांग को लेकर पति, सास ताहिरा बेगम,ननद आसमा,नगमा, साहिमा और ननदोई सोनू आए दिन उसे प्रताड़ित करते हैं। एक वर्ष पूर्व विपक्षियों ने मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में ही गर्भावस्था की स्थिति में पिता के साथ घर से भगा दिया। तब से वह मायके में रह रही है।

# 14 माह के निचले स्तर पर थोक महंगाई

## खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी से 0.39% पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी



खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39% आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85% और मई 2024 में 2.74% रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने कहा, मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56% की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86% की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62% सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26% घटी थीं। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04% रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62% थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27% रही जबकि अप्रैल में यह 2.18% थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82% पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की भारी कटौती कर इसे 5.50% कर दिया था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून में ही रुक गई, जो 15 जून तक के सामान्य स्तर से 31% कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं। इज़राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।

### निर्यात घटकर 38.73 तो व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21.88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। मई में आयात सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटकर 60.61 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात बढ़कर 77.19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात बढ़कर 125.52 अरब डॉलर रहा।

# खुदरा निवेश : आर्थिक आत्मनिर्भरता



खुदरा निवेश (रिटेल इंवेस्टमेंट) वह प्रक्रिया है जिसमें आमजन – जैसे नौकरीपेशा, व्यापारी, गृहिणी या छात्र– अपनी बचत को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बॉण्ड, बीमा या अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करते हैं। यह छोटे पैमाने पर होने वाला निवेश है, लेकिन इसका असर व्यापक होता है क्योंकि यह पूंजी बाजार की स्थिरता और तरलता बढ़ाता है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी हाल के वर्षों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और जागरूकता अभियानों से बढ़ी है। इसमें निवेश करने से व्यक्ति न केवल अपनी भविष्य की जरूरतों के लिए बचत करता है, बल्कि धन वृद्धि के अवसर भी प्राप्त करता है। हालांकि, इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, इसलिए निवेश करने से पहले सही जानकारी और कानूनी प्रावधानों को समझना आवश्यक होता है। खुदरा निवेश, यदि विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए, तो आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम बन सकता है।

### खुदरा निवेश के लाभ

- पूंजी में वृद्धि का अवसर, मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव, कर लाभ (धारा 80सी व अन्य प्रावधानों के अंतर्गत), भविष्य के लक्ष्यों (जैसे रिटायरमेंट, शिक्षा) के लिए पूंजी निर्माण, आंशिक निवेश की सुविधा (कम राशि से शुरुआत)

### संभावित जोखिम

- शेयर बाजार में अस्थिरता से पूंजी हानि, गलत जानकारी या सलाह के कारण नुकसान, धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड का खतरा, बिना विविधीकरण के निवेश से जोखिम बढ़ता है

### कैसे करें खुदरा निवेश

- **शेयर बाजार :** स्टॉक्स या इक्विटी में निवेश करने के लिए डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता खोलना होता है।
- **म्यूचुअल फंड :** एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए नियमित निवेश।
- **बॉण्ड व सरकारी प्रतिभूतियां :** सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के विकल्प।
- **बीमा व पीएफ :** सुरक्षा और बचत का मिश्रण।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म :** मोबाइल ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से आसान निवेश सुविधा।

### कानूनी और नियामकीय पक्ष

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) खुदरा निवेश की निगरानी करता है। निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए केवाईसी, डीमैट, पैन अनिवार्य। म्यूचुअल फंड्स व अन्य स्कीम्स सेबी से पंजीकृत होती हैं। शिकायतों के निपटारे के लिए सेबी, स्कोर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध।

### संयम और योजना जरूरी

- खुदरा निवेश में संयम, जानकारी और योजना जरूरी है। उचित मार्गदर्शन से यह आम व्यक्ति के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है।

# मजबूत संकेतों से सेंसेक्स 678 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी



- निफ्टी में भी दर्ज की गई 228 अंक की बढ़त

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

शेयर बाजारों में दो दिन के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष से दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.93 जबकि स्मालकैप 0.38% चढ़ गया। सर्वाधिक 1.50% की बढ़त आईटी खंड में दर्ज की गई जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.35 और तेल एवं गैस खंड में 1.22% की तेजी रही।

# एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

नई दिल्ली, एजेंसी


- आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती के बाद लिया निर्णय

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में 0.5% की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है।

एसबीआई की रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5% की कटौती के साथ यह अब 7.75% हो गई है। बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) में भी 0.5% की कटौती की गई और यह 8.65 से अब 8.15% हो गई है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई अद्यतन दर की जानकारी के अनुसार, संशोधित दरें 15 जून 2025 से लागू हो गई। बैंक के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्जदारों को लाभ होगा।

# कंपनियों के राजस्व में स्थिर वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा- क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून तिमाही में कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान

मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारतीय उद्योग जगत की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में स्थिर रहने की उम्मीद है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का मांग पर असर रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई।

इक्रा ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारतीय कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। पिछले कुछ महीनों में रेपो दर में हुई कुल 1% की कटौती से ब्याज लागत में कमी आने से भारतीय उद्योगों के लिए ब्याज कवरेज अनुपात में सुधार होगा। इक्रा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष किंजल शाह ने कहा, हमें उम्मीद है कि निजी पूंजीगत व्यय सोच-समझकर ही किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे खास क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। रेल और रक्षा क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों को भी जून तिमाही में अपने बड़े ऑर्डर से राजस्व और आय होगी। घरेलू मांग से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में स्थिर राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।



## एक नजर

### चिकित्सकों की निगरानी में सोनिया, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी (78 वर्षीय) की हालत स्थिर है, जिन्हें पेट संबंधी समस्या के चलते रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से जारी बयान के अनुसार, सर गंगा राम अस्पताल के प्रमुख डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, उन्हें पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के तहत सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### बम की धमकी पर निजी स्कूल की ली गई तलाशी

**जयपुर।** एक निजी स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षण संस्थान के परिसर की जांच पड़ताल की। सिटी पैलेस स्कूल की ईमेल आईडी पर स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिली। प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस स्कूल की संस्थापक दीया कुमारी राजस्थान की उपमुख्यमंत्री हैं।

### संजय भंडारी से जुड़े मामले में वाड्रा को नया समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। मामले की जांच धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

# आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का घटा मान : सुप्रीम कोर्ट

## डंकी रूट या अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के प्रति जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति को 'डंकी रूट' या अवैध तरीके से अमेरिका भेजने का वादा कर उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऐसे लोग भारतीय पासपोर्ट की छवि खराब करते हैं।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का मान घटता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ लोगों के ऐसे कृत्यों से भारतीय पासपोर्ट की प्रतिष्ठा खराब हुई है। 'डंकी रूट' का इस्तेमाल आमतौर पर अमेरिका या ब्रिटेन जैसे देशों में प्रवेश करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में मानव तस्करों का उपयोग करना और कानूनी आव्रजन प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए विभिन्न देशों से होकर गुजरना शामिल है, जहां अक्सर कठोर और खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मामले के तथ्यों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि आरोपी ने न केवल व्यक्ति को धोखा दिया, बल्कि उसे अमानवीय परिस्थितियों में अमेरिका की सीमा से लगे कई देशों की यात्रा भी कराई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर जाए। पीठ ने आरोपों को बहुत गंभीर करार दिया और हरियाणा के रहने वाले ओम प्रकाश की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर हुई थी, जिसमें उसे राहत देने से इन्कार कर दिया गया था।

### रजिस्ट्री, कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं। सोलह जून को जारी शीर्ष अदालत के नोटिस में कहा गया है कि न्यायालय की रजिस्ट्री और कार्यालय 14 जुलाई 2025 से सभी शनिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक खुले रहेंगे। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है और उच्चतम न्यायालय के 2013 के नियमों में संशोधन किया है।

### न्यायालय ने केंद्र एवं वायुसेना को महिला अधिकारी को सेवा मुक्त करने से रोका

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और भारतीय वायुसेना को निर्देश दिया कि वे उस महिला अधिकारी को सेवा से मुक्त न करें, जिसे स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 22 मई के आदेश का हवाला दिया, जिसमें विंग कमांडर निकिता पांडे की याचिका पर केंद्र और भारतीय वायुसेना को इसी प्रकार के निर्देश दिए गए थे और कहा था कि यही निर्देश विंग कमांडर कविता भाटी के मामले में भी लागू होंगे। पक्षकारों के अधिकारों या अधिकारी के पक्ष में समानता के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, पीठ ने कहा कि विंग कमांडर कविता भाटी को कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए तथा अगली सुनवाई तक उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी भाटी ने दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से स्थायी कमीशन देने से मना कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 6 अगस्त को नियमित पीठ के समक्ष निर्धारित की है, जब भारतीय वायुसेना से संबंधित मामलों पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को केंद्र और भारतीय वायुसेना को पांडे को सेवा मुक्त करने से रोक दिया था, जो ऑपरेशन बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था।

### 3 साल वकालत की अनिवार्यता पर पुनर्विचार का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम 3 साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारतः शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत एनडीएमए और एनडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन में शाह ने कहा कि 10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम रखने का था और 10 साल बाद, संख्या शून्य रखने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता - चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं।

उन्होंने कहा, 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन) ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है। दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का मंच बनाने का काम किया गया है। जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है।

### कर्तव्य पथ पर पहला कदम



उधमपुर के पुलिस ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित समारोह के दौरान पुलिस उपाधीक्षक और प्रोबेशनरी सब-इंस्पेक्टर पासिंग-आउट परेड के अवसर पर अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए। एजेंसी


# खालिस्तान समर्थक किराये के टट्टू : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जी7 शिखर सम्मेलन से पहले कनाडा में खालिस्तान समर्थक हालिया प्रदर्शनों को खारिज करते हुए प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया और कहा कि इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

पुरी ने कहा, एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये लोग पड़ोसी देश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनसे फंडिंग नहीं मिली है। उन्होंने कहा, ये जो किराये के टट्टू हैं, इन्हें गंभीरता से मत लीजिए। मंत्री ने यह टिप्पणी लुटियंस दिल्ली के 14, पंत मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष और दिल्ली सरकार के 100 दिन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए की।

# रैपिडो कंपनी के बाइक चालक ने महिला यात्री को मारा थप्पड़

बेंगलुरु, एजेंसी




बेंगलुरु में रैपिडो कंपनी से जुड़े बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर हुई तू-तू मैं-मैं के बाद महिला यात्री को थप्पड़ मार दिया और यह घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को जयनगर में हुई। घटना के वक्त महिला उस आभूषण की दुकान पर जा रही थी जहां की वह कर्मचारी है। कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण महिला बीच में ही उतर गई और इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। महिला ने किराया देने और हेलमेट लौटाने से भी इन्कार कर दिया। संपर्क करने पर रैपिडो ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह पुलिस का मामला है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें महिला को बाइक चालक थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है। महिला पर हमला इतना जोरदार था कि वह जमीन पर गिर गई।

# मनरेगा खत्म करने की कोशिश में केंद्र : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। उन्होंने सवाल किया, क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से 25,000 करोड़ रुपये छीनना चाहती है, जो हर साल अंत तक, मांग ज्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में ख़र्च करने पड़ते हैं?

# बांग्ला भाषी भारतीयों को भाजपा बता रही बांग्लादेशी : ममता

कोलकाता, एजेंसी



- विस में प्रश्नकाल के दौरान बनर्जी ने भाजपा पर दमनात्मक कार्रवाई का लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह बांग्ला भाषियों को निशाना बना रही है और यहां तक कि वैध दस्तावेज धारकों को भी बांग्लादेशी प्रवासी बता रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के खिलाफ पार्टी द्वारा दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा, आपको शर्म आनी चाहिए कि आप वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बांग्ला के साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। उन्होंने कहा, एक ओर आप भारतीयों को बांग्लादेशी बता रहे हैं, दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।

# लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

## इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 जून से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर



कुलदीप यादव

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है



रवींद जडेजा।



हरभजन सिंह।

तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

## पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती



इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की शृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस शृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड शृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

## एक नजर



अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। ● एजेंसी

### जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

**चेन्नई :** तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई

**बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी**

वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित



साई सुदर्शन। ● एजेंसी

किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वाशिंगटन की प्रशंसा करते हुए कहा उन्होंने (वाशिंगटन) आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। फिर वह देश के लिए खेले। इसलिए यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थी कि चेन्नई का कोई खिलाड़ी भारत के लिए खेल रहा है।

उन्हे जानने और उनके साथ खेलने से मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह एक प्रेरणा था। भारत के लिए नौ टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वाशिंगटन ने उस समय के बारे में बात की जब साई सुदर्शन चेन्नई के एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर के रूप में उभर रहे थे।

वाशिंगटन ने कहा मेरे कई कोच और मित्र भी लगातार उसके (साई सुदर्शन के) क्रिकेट करियर के बारे में बात करते थे। वह अपने खेल में लगातार निखार लाता रहा और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा जब भी मैंने उसे (सुदर्शन को) टीवी पर देखा, तो उसके कौशल और कार्यशैली से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसने निश्चित रूप से बहुत से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

### गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली :** परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

# विश्व कप में महिला टीम पाकिस्तान से टकराएगी

**दुबई, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान की टीमें महिला वनडे विश्व कप मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर एक-दूसरे का सामना करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। भारत हालांकि अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 26 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

### महिला एकदिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम

**30 सितंबर :** भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।

**पांच अक्टूबर :** भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।

**नौ अक्टूबर :** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।

**12 अक्टूबर :** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।

**19 अक्टूबर :** भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।

**23 अक्टूबर :** भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।

**26 अक्टूबर :** भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

# कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।



लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

# महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की।

ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारत की 24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है



**गोलकीपर :** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडर :** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर :** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड :** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

# भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ

**म्यूनिख विश्व कप**



सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी

- **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

### हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

# अर्जेंटीना के खिलाफ ठोस प्रदर्शन की उम्मीद


**लंदन, एजेंसी :**

**एफआईएच प्रो लीग**

यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है।


सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं।

गेम चेंजर



डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

# कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद



जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

### भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

### नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुनः व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

### इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

## एक नजर

### कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

### ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी मार गिराए

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि 15-16 जून की दरमियानी रात को दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में फितना-अल-ख्वारिज के पांच आतंकवादी मारे गए। पेशावर जिले में पहले अभियान में चार और उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी मारा गया।

# खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

## ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

तेहरान, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।



इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### ईरान ने मिसाइल हमलों में इस्तेमाल की नई तकनीक

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं। आईआरजीसी ने कहा 13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई।

### तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। तेहरान पुलिस ने कहा कि उसने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व खाली हमला बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके।

# पाकिस्तान घुटनों पर, भारत से बातचीत की मंशा जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी



- बिलावल भुट्टो ने कहा- दोनों देशों के बीच व्यापाक बातचीत से ही हो सकता है लंबित मुद्दों का समाधान

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।


उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया था जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह राष्ट्रीय सुरक्षा या जल अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।

### सिर्फ आतंकवाद पर वार्ता की बात कह चुका है भारत

भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे



इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

# तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का तमिलनाडु पुलिस को सोमवार को मौखिक रूप से निर्देश दिया और कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- विधायक की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगन मूर्ति द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें मामले में गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम (आरक्षित) सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक संगठन के प्रमुख हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत भवन से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने विधायक को भी फटकार लगाई। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को मौखिक रूप से दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जिस पर दोनों अदालत में पेश हुए। जयराम की सरकारी कार का कथित तौर पर अपहरण के लिए इस्तेमाल किया गया था।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

निकोसिया, एजेंसी



- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

# प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजने का ट्रंप का निर्देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों से कहा, सबसे बड़े निर्वासन के लिए पूरी क्षमता से काम करें

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा। ट्रंप का यह बयान, कई सप्ताह तक कार्रवाई में तेजी और 'व्हाइट हाउस' के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' एवं ट्रंप की आव्रजन नीति के मुख्य निर्माता स्टीफन मिलर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि आईसीई अधिकारी रोजाना कम से कम 3,000 गिरफ्तारियों का लक्ष्य रखेंगे।

# अपने हथियारों को दीवार से घेरने पर भड़का इजरायल

पेरिस, एजेंसी

- पेरिस एअर शो में फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्णय को अपमानजनक बताया

इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने 'पेरिस एयर शो' में अपने रक्षा उद्योग मंडपों के चारों ओर काले रंग की दीवारें खड़ी किये जाने की निंदा करते हुए इस कदम को अपमानजनक और अभूतपूर्व बताया तथा फ्रांसीसी अधिकारियों एवं कार्यक्रम के आयोजकों से तत्काल इसे हटाने की मांग की।

सोमवार को एयर शो के उद्घाटन से ठीक पहले, रात में दीवारें खड़ी की जा चुकी थीं, जिससे इजराइली मंडप अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से अलग-थलग पड़ गए। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आयोजकों की ओर से आखिरी समय में की गई मांग के बाद उठाया गया। आयोजकों ने हथियार प्रणालियों को प्रदर्शन से हटाने की मांग की थी, जिसे इजराइली प्रदर्शकों ने अस्वीकार कर दिया था।

मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, फ्रांसीसी सरकार कथित राजनीतिक विचारों की आड़ में इजराइल के हथियारों को जो फ्रांसीसी उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से बाहर कर रही है। मंत्रालय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। शुक्रवार को फ़्रांस की एक अपीलीय अदालत ने मानवाधिकार कार्यकर्ता समूहों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिन्होंने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली कंपनियों को प्रदर्शनी में भाग लेने से रोकने की मांग की थी।

# कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन, लेजर ग्लाइडर पर प्रतिबंध

**कोच्चि।** अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने जारी किया। उन्होंने कहा कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) जैसे उपकरण नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के अंदर और बाहर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह निर्णय हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

अहमदाबाद विमान हादसा | चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

# सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

## डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।



हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

### अब तक 99 शवों की पहचान, 64 परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार दोपहर तक डीएनए परीक्षण से 99 शवों की पहचान कर ली गई है और 64 शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। शोकाकुल परिवारों के लिए सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि मृतकों के अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया में लगने वाले वक्त को लेकर वे घबराएं नहीं। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के पूर्व निदेशक राकेश मिश्रा ने डीएनए मिलान कोई कठिन काम नहीं है, लेकिन इस मामले में मृतकों की संख्या ज्यादा है।